यूनियन धारा
50
स्वर्णिम वर्ष

यूनियन धारा
Union Dhara

जिल्द. 50, सं. 2, मुंबई, अप्रैल-जून, 2025
VOL. 50, No.2, Mumbai, April-June, 2025

गृह पत्रिका • House Magazine of
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक
Union Bank of India
Good people to bank with

गृह पत्रिका • House Magazine of
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक
Union Bank of India
Good people to bank with

यूनियन धारा Union Dhara

प्रकाशन तिथि- 14.08.2025
जिल्द. 50, सं. 2, मुंबई, अप्रैल-जून, 2025
VOL. 50, No.2, Mumbai, April-June, 2025

संरक्षक / Patrons

नितेश रंजन Nitesh Ranjan
कार्यपालक निदेशक Executive Director

एस. रामसुब्रमणियन S. Ramasubramanian
कार्यपालक निदेशक Executive Director

संजय रुद्र Sanjay Rudra
कार्यपालक निदेशक Executive Director

मुख्य संपादक / Chief Editor

सुरेश चन्द्र तेली Suresh Chandra Teli
मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं) Chief General Manager (HR)

संपादकीय सलाहकार / Editorial Advisors

ए. के. विनोद A.K. Vinod
मुख्य महाप्रबंधक Chief General Manager

अरुण कुमार Arun Kumar
मुख्य महाप्रबंधक Chief General Manager

संपादकीय सलाहकार / Editorial Advisors

विट्ठल बनशंकरी Vithal Banashankari
महाप्रबंधक General Manager

अम्बरीष कुमार सिंह Ambarish Kumar Singh
उप महाप्रबंधक Dy. General Manager

विवेकानंद Vivekanand
सहायक महाप्रबंधक (रा.भा.) Asst. General Manager (OL)

संपादक / Editor

गायत्री रवि किरण Gayathri Ravi Kiran
मुख्य प्रबंधक (रा.भा.) Chief Manager (OL)

संपादकीय सहयोग / Editorial Support

जागृति उपाध्याय Jagriti Upadhyay
सहायक प्रबंधक (रा.भा.) Asst. Manager (OL)

मोहित सिंह ठाकुर Mohit Singh Thakur
सहायक प्रबंधक (रा.भा.) Asst. Manager (OL)

आवरण पृष्ठ

माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली विश्व की पहली दृष्टि दिव्याङ्ग महिला तथा पहली भारतीय दृष्टि दिव्याङ्ग –
सुश्री छोंजिन अंगमो, सहायक प्रबन्धक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Cover Page

The first visually challenged Women in the world and first visually challenged Indian to climb Mount Everest –
Ms. Chhonzin Angmo, Assistant Manager, Union Bank of India

अवलोकन
OVERVIEW

प्रिय यूनियनाइट्स,

हमारे बैंक की द्विभाषी पत्रिका 'यूनियन धारा' के 'विकसित भारत' विशेषांक अंक के माध्यम से आप सभी को संबोधित करते हुए मुझे खुशी हो रही है।

'विकसित भारत' का संकल्प आत्मनिर्भरता, नवाचार, संवहनीय विकास और समावेशी प्रगति की यात्रा है। 'विकसित भारत' के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यह आवश्यक है कि प्रत्येक आर्थिक गतिविधि विधि-सम्मत, पारदर्शी एवं राष्ट्रहित में हो। हमारा मूल दायित्व देश की वित्तीय प्रणाली को अवैध लेन-देन, मनी लॉन्ड्रिंग तथा विदेशी मुद्रा के दुरुपयोग से सुरक्षित रखना है ताकि बैंकिंग तंत्र सुरक्षित एवं विश्वसनीय बना रहे। आर्थिक अपराध न केवल वित्तीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं, बल्कि निवेश, उद्योग और समग्र विकास की गति को भी बाधित करते हैं।

जुलाई माह में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा आयोजित समारोह में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ईज़ 7.0 सुधार सूचकांक के अंतर्गत हमारे बैंक को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। बैंक द्वारा ईज़ 7.0 सुधार एजेंडा के तीन विषयों में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु सम्मानित भी किया गया।

हमारे बैंक द्वारा एचआर सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। एचआर सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता सभी स्टाफ सदस्य को हार्दिक बधाई।

बैंक की सफलता का सबसे बड़ा आधार हमारा मानव संसाधन है। बैंक कार्य-जीवन संतुलन को प्राथमिकता देता है और कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखता है। हमारा मानना है कि नेतृत्वकर्ताओं को सक्रिय रूप से अपने साथियों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए, छोटी–छोटी सफलताओं का उत्सव मनाना चाहिए और सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। ये छोटे, किंतु प्रभावी कदम टीम–स्पिरिट को बढ़ाने और कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनाने में अत्यंत सहायक होते हैं।

'यूनियन धारा' का यह अंक 'विकसित भारत' के सभी दृष्टिकोण को साझा करने के लिए एक सशक्त मंच है। हमें उम्मीद है कि यहाँ छपे लेख आदि आप सभी को प्रेरित करेंगे और भविष्य में लिखने के लिए प्रोत्साहित भी करेंगे। साथ ही 'यूनियन धारा' की संपादकीय टीम को भी इस अद्भुत संकलन के लिए बधाई।

शुभकामनाओं सहित

(नितेश रंजन)
कार्यपालक निदेशक

Dear Unionites,

It gives me great pleasure to address you all through the 'Viksit Bharat' special issue of our Bank's bilingual house magazine, 'Union Dhara'.

The vision of 'Viksit Bharat' is a journey of self-reliance, innovation, sustainable development and inclusive growth. To achieve the goal of 'Viksit Bharat', it is necessary that every economic activity should be lawful, transparent and in the national interest. Our basic responsibility is to protect the country's financial system from illicit transactions, money laundering and misuse of foreign exchange so that the banking system remains safe and reliable. Economic offences not only affect financial stability but also impede the pace of investment, industry and overall growth.

In July, our Bank secured second position under the EASE 7.0 improvement index for the financial year 2024-25 at a function organized by the Indian Banks' Association (IBA). It is a matter of great pride for us. The bank was also honoured for outstanding performance in three themes of the Ease 7.0 reform agenda.

Our bank has successfully organized HR Week. Hearty congratulations to all the staff members who won in the competitions held during HR week.

The strongest foundation of the bank's success is our human resource. Bank prioritizes work–life balance and takes care of the mental, emotional and physical well-being of the employees and their family members. We believe that leaders should actively engage with their peers, celebrate small successes, and foster a culture of respect. These small yet effective steps play a vital role in enhancing team spirit and creating a positive workplace environment.

This issue of 'Union Dhara' is a powerful platform to share the vision of 'Viksit Bharat'. We hope that the articles published here will inspire all of you and also encourage you to write in the future. Also, congratulations to the 'Union Dhara' editorial team for this wonderful compilation.

With best wishes,

(Nitesh Ranjan)
Executive Director

अवलोकन
OVERVIEW

प्रिय यूनियनाइट्स,

'यूनियन धारा' 'विकसित भारत' विशेषांक के माध्यम से मेरे विचार साझा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है।

'विकसित भारत' के निर्माण में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सर्वोपरि है। 'विकसित भारत' एक ऐसी संकल्पना है जो केवल आर्थिक वृद्धि या बुनियादी ढांचे की मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि एक समावेशी, नवाचार-आधारित और डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ने का अभियान है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र न केवल पूंजी और सेवाएं उपलब्ध कराते हैं, बल्कि वित्तीय समावेशन, डिजिटल साक्षरता और सतत विकास की दिशा में भी बड़ा योगदान देते हैं।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बैंकों ने डिजिटलीकरण, फिनटेक सहयोग और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाले कदम उठाए हैं। बैंकों के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे जन-धन योजना, डिजिटल पेमेंट्स, मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप फंडिंग आदि के कार्यान्वयन ने करोड़ों लोगों को औपचारिक वित्तीय संस्थाओं से जोड़ा है। इससे न सिर्फ रोजगार का सृजन हुआ, बल्कि महिलाओं, युवाओं और किसानों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आए हैं।

इस दिशा में हमारे बैंक ने वित्त की उपलब्धता को और आसान और सुलभ बनाने हेतु यूनियन चैनल फ़ाइनेंस जैसे पारदर्शी प्लेटफॉर्म की शुरुआत की है। प्रोजेक्ट पावर की सफलता को देखते हुए बैंक ने इस वर्ष प्रोजेक्ट पावर 3.0 की शुरुआत की है, इसका उद्देश्य उभरती चुनौतियों का समाधान करना, पूर्व में अर्जित सीख से लाभ उठाना तथा बैंक को अपनी दीर्घकालिक आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। यह "राइज़" थीम का एक अभिन्न हिस्सा है, जिसका उद्देश्य धारणीय संवृद्धि, बाज़ार हिस्सेदारी में वृद्धि, लाभप्रदता में वृद्धि तथा केंद्रित दृष्टिकोण के साथ चिन्हित किए गए 126 आकांक्षी जिलों में ग्राहक सेवा को विस्तार देना है।

इस सार्थक अंक के प्रकाशन हेतु मैं टीम 'यूनियन धारा' और सभी योगदानकर्ताओं को बधाई देता हूँ। आशा है कि आप इस सूचनाप्रद संकलन से नया बोध और दृष्टिकोण प्राप्त करेंगे।

शुभकामनाओं सहित

(एस. रामसुब्रमणियन)
कार्यपालक निदेशक

Dear Unionites,

It's a great pleasure to share my thoughts through 'Union Dhara' 'Viksit Bharat' special issue.

Access to banking services is paramount in building of a developed nation. 'Viksit Bharat' is a vision that is not limited to just economic growth or strengthening of infrastructure, but is a drive to move towards an inclusive, innovation-based and digital India. The role of the banking sector is crucial in achieving this goal as they not only provide capital and services, but also contribute significantly towards financial inclusion, digital literacy and sustainable development.

Banks in both rural and urban areas have taken steps to encourage digitization, fintech collaboration and entrepreneurship. The implementation of various schemes of the government through banks such as Jan Dhan Yojana, digital payments, Mudra loans, start-up funding, etc. has connected crores of people to formal financial institutions. This has not only created employment but has also brought about positive changes in the lives of women, youth and farmers.

Our Bank has introduced a transparent platform like Union Channel Finance to make the availability of finance easier and more accessible. Building upon the success of Project Power, this year Bank has rolled out Project Power 3.0, which aims to address emerging challenges, leverage past learnings, and propel Bank towards achieving its long-term aspirations. It is an integral part of theme "RISE", aimed at sustainable growth, enhancement in market share, increasing profitability, and enhance customer service in identified 126 Aspirational Districts with the focussed approach.

I congratulate 'Union Dhara' team and all contributors for bringing out this issue. May you gain new insights and fresh perspective through this informative read.

With best wishes,

(S. Ramasubramanian)
Executive Director

अवलोकन
OVERVIEW

प्रिय यूनियनाइट्स,

मुझे यह प्रसन्नता है कि यूनियन धारा का यह अंक भारतवर्ष के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहलों में से एक विकसित भारत को समर्पित है। मुझे यह साझा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि हमारे बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 के ईज़ 7.0 सुधार एजेंडा के "विकसित भारत की ओर बैंकिंग" के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु सम्मानित किया गया।

भारत आज विकासशील से विकसित राष्ट्र बनने के ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है । "विकसित भारत" केवल आर्थिक समृद्धि का एक दृष्टिकोण नहीं है; यह एक समूहिक स्वप्न का प्रतिनिधित्व करता है, जहां प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, आधुनिक बुनियादी ढांचा और सुरक्षित संवहनीय पर्यावरण मिलता है।

हमने ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं से सशक्त बनाने के लिए कई डिजिटल जागरूकता पहल शुरू की हैं। हमारी फिनटेक नीति के तहत, बैंक उन्नत फिनटेक कंपनियों को सक्रिय रूप से शामिल कर रहा है, जिससे नवाचार और अनूठी वित्तीय सेवाओं का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। डिजिटल उत्पादों, मोबाइल बैंकिंग और खुदरा नवाचार के साथ, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बैंकिंग सेवाओं की पहुँच और गुणवत्ता दोनों को लगातार बढ़ा रहा है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 'कार्बन अकाउंटिंग फाइनेंशियल्स के लिए साझेदारी (पीसीएएफ)' की सदस्यता लेने वाला पहला बड़ा भारतीय बैंक बनकर एक मानक स्थापित किया है। यह कदम जलवायु और हरित भविष्य के के प्रति हमारे समर्पण और उत्तरदायित्व को दर्शाता है।

ये प्रयास न केवल बैंकिंग सेवाओं को अधिक स्मार्ट, अधिक सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाते हैं, बल्कि भारत के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए, आइए हम सभी भारत को न केवल आर्थिक विकास के मामले में, बल्कि मानवीय मूल्यों, सामाजिक समानता और पर्यावरणीय संतुलन के मामले में भी एक वैश्विक आदर्श बनाने का संकल्प लें।

शुभकामनाओं सहित

संजय रुद्र

(संजय रुद्र)
कार्यपालक निदेशक

Dear Unionites,

I am delighted to note that this issue of Union Dhara is dedicated to one of India's most significant national initiative, Viksit Bharat. It gives me immense pride to share that our Bank has been recognized with the Outstanding Performance award under the Ease 7.0 Reform Agenda for the FY 2024-25 under the theme Banking towards a Developed India.

India today stands at a historic juncture from where it is transitioning from developing to developed nation. "Viksit Bharat" is not merely a vision of economic prosperity; It represents a collective dream where every citizen has access to equal opportunities, quality education, modern healthcare facilities, world class infrastructure and safe sustainable environment.

We have undertaken multiple digital awareness initiatives to empower customers with safe banking practices. Under our FinTech Policy, Bank has been actively onboarding advanced FinTech companies, paving the way for innovation and unique financial services. digital products, mobile banking, and retail innovation, Union Bank of India continues to enhance both the reach and quality of banking services.

Union Bank of India has set a benchmark by becoming the first large Indian bank to subscribe to the 'Partnership for Carbon Accounting Financials (PCAF)'. This step reflects our dedication to climate responsibility and building a greener future.

These efforts not only make banking services smarter, more secure, and more accessible, but also contribute significantly to India's economic, social and environmental development.

As we look ahead, let us all resolve to make India a global role model not only in terms of economic growth, but also in human values, social equality and environmental balance.

With best wishes,

(Sanjay Rudra)
Executive Director

संपादकीय
EDITORIAL

प्रिय पाठकगण,

इस ऐतिहासिक दौर में जब भारत अमृत काल की ओर अग्रसर है 'यूनियन धारा' का 'विकसित भारत विशेषांक' आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अपार हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है।

'यूनियन धारा' प्रबंधन के दृष्टिकोण को शाखाओं तक पहुँचाने बैंक के साथ-साथ यूनियनाइट्स के विचार, अनुभव और सृजनशीलता को एक सशक्त मंच प्रदान करते हुए आंतरिक संवाद का एक सशक्त माध्यम बनी हुई है। यह संगठन की सामूहिक महत्वाकांक्षाओं और कार्मिकों के अभिव्यक्ति के मध्य सेतु बनकर समय के साथ प्रासंगिक बनी हुई है।

इस अंक में भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाले अनेक महत्वपूर्ण विषयों को स्थान दिया गया है। इसमें प्रस्तुत लेख हमारे देश के विकास की आधारशिलाओं पर केंद्रित हैं तथा भारत की कार्यक्षमता एवं कौशल विकास की दिशा में किए जा रहे ठोस प्रयासों को रेखांकित करते हैं। इस अंक में तकनीकी और डिजिटल युग से जुड़ी चुनौतियों एवं अवसरों पर भी विचार किया गया है और हमारे आर्थिक एवं सामाजिक लक्ष्यों की स्पष्ट छवि पेश करने का प्रयास किया गया है।

इस विशेषांक का आवरण पृष्ठ एवरेस्ट पर फतह हासिल करनेवाली भारत की प्रथम तथा विश्व की पाँचवीं दृष्टि दिव्यांग महिला सुश्री छोंजिम अंगमों, जो यूनियन बैंक की स्टाफ है, की अद्‌भुत उपलब्धि को समर्पित है। वह उच्चतम शिखर से शुभारंभ करते हुए अब सात महाद्वीपों की उच्चतम शिखर पर विजय प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। आपके अदम्य साहस और अद्‌भुत उपलब्धि निश्चित रूप से पाठकों को उत्साहित और प्रेरित करेगी।

'यूनियन धारा' की सृजनात्मक यात्रा को निरंतर गति देने हेतु संपादकीय सलाहकार समिति के सदस्यों से प्राप्त सुझाव अवश्य ही अमूल्य हैं। इससे विषयवस्तु में नवीनता और प्रस्तुति में निखार आया है।

हमें विश्वास है कि यह अंक आपको न केवल जानकारी और प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि हमारे साझा सपनों और लक्ष्यों के प्रति एक नई प्रतिबद्धता भी जगाएगा। आपके बहुमूल्य सुझाव हमारी इस यात्रा को और समृद्ध करेंगे।

भवदीया

(गायत्री रवि किरण)

Dear Readers,

We take immense pride in presenting this issue of 'Union Dhara' in the historic era of India's Progression towards Amrit Kaal.

'Union Dhara' has been a vibrant medium of internal dialogue — conveying the vision of top management to the field and providing a creative platform for Unionites to share ideas, experiences, and talents. Over time, it has become a dynamic bridge between organisational aspirations and the voice of its employees.

This issue covers a range of subjects that define the direction of India's future. The Articles featured herein focus on the fundamental pillars of national development and highlight concrete steps being taken to enhance productivity and skill development in the country. This issue also addresses the opportunities and challenges of the digital and technological age and efforts have been made to provide a clear picture of our economic and social aspirations.

The cover page of this special issue is dedicated to the stupendous achievement of Ms. Chonjim Angmo, the first Indian and fifth visually impaired woman in the world to conquer Everest, who is an employee of Union Bank. She began with the tallest and is now steadily moving towards her dream of standing on the highest point of all seven continents. Her indomitable spirit and amazing achievement will surely inspire the readers.

The inputs from Editorial Advisory Committee members in sustaining the creative journey of 'Union Dhara' is truly invaluable. Their guidance has enriched the content with freshness and enhanced its presentation.

We are confident that this issue will not only inform and inspire you but will also rekindle our shared commitment towards common dreams and goals. Your valuable feedback will continue to enrich our journey.

Yours sincerely,

(Gayathri Ravi Kiran)

गृह पत्रिका • House Magazine of

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

यूनियन धारा Union Dhara

प्रकाशन तिथि- 14.08.2025

जिल्द. 50, सं. 2, मुंबई, अप्रैल-जून, 2025

VOL. 50, No.2, Mumbai, April-June, 2025

अनुक्रमणिका

- विदाई / सुस्वागतम 01
- भारत@2047: शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता 02
- ईज़ 7.0 04
- अवसंरचना विकास: नए भारत की नींव 05
- संवहनीय कृषि हेतु किसान कल्याण योजनाएं 07
- शिखर की ओर / शुभमस्तु 09
- नवीकरणीय ऊर्जा और भारत का भविष्य 11
- कविता - उद्यमित भारत विकसित भारत 13
- उद्घाटन 14
- स्किल इंडिया मिशन 15
- रोजगार सृजन में प्रौद्योगिकी का भूमिका 17
- जलवायु परिवर्तन और कृषि नवाचार 19
- कविता - विकसित भारत 21
- साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता 22
- Economic Leadership and Financial Inclusion 25
- India's Journey towards Sustainable Development Goals 28
- Renewable Energy and India's Future 31
- UBI's Accessible CBDC App 33
- सेंटर स्प्रेड 35
- 100% Skilled Workforce: Challenges and Solutions 37
- कविता - Bookworms 39
- Women Entrepreneurship and Startup Participation 40
- कविता - बैंक क्वार्टर - "संजना अपार्टमेंट" 42
- India's Mission: Zero Poverty 43
- बैंक में आयोजित विभिन्न आउटरीच कार्यक्रम 45
- Digital Rails to a Brighter Financial Future 47
- India@2047: Education, Health, and Equality 50
- कविता - दिल से आभार 52
- Powering Growth while Pursuing Net Zero 53
- प्रतियोगिता 174 56
- Uncertainty of the Certainity 57
- Digital Fraud Fiasco: A Comedic Cautionary Tale 59
- हमें गर्व है 60
- विशेष साक्षात्कार सुश्री आयुषी, आईएएस 61
- सीएसआर गतिविधियां 63
- अतीत के झरोखों से 65
- समाचार 69
- खेल समाचार 74
- आपकी पाती 75

ई-मेल E-mail: uniondhara@unionbankofindia.bank | gayathri.ravikiran@unionbankofindia.bank
Tel.: 022-41829288 | Mob.: 9849615496

यूनियन धारा में प्रकाशित लेख आदि में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं और प्रबंधन का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है.
The views expressed in the articles published in Union Dhara are solely that of the author and do not necessarily reflect the views of the management.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आंतरिक परिचालन हेतु प्रकाशित.
Published by Union Bank of India for internal circulation

विदाई

सुश्री ए मणिमेखलै ने 03 जून, 2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

आप तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ एक दक्ष बैंकर हैं। आपने 1988 में तत्कालीन विजया बैंक में एक अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और सफलतापूर्वक प्रोन्नत होकर क्रमशः शाखा प्रमुख, क्षेत्र प्रमुख और कॉर्पोरेट कार्यालय में विभिन्न विभागों के कार्यकारी प्रमुख के तौर पर कार्य किया। आपने योजना बनाने, संगठनात्मक लक्ष्य निर्धारित करने, विकास, कार्य योजनाओं, अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण आदि प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाली कार्य नीतियों को तैयार करने एवं कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, सुश्री ए मणिमेखलै केनरा बैंक में कार्यपालक निदेशक थीं, जहां आपने कार्यनीतिक योजना, ऋण और संबंधित मामले, निरीक्षण, विपणन और वित्तीय समावेशन, राज्य स्तरीय अग्रणी बैंक की जिम्मेदारियों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्रियाकलापों का नेतृत्व किया। आपने केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक के सफल समामेलन को प्रभावी रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपको पांच अन्य कंपनियों के बोर्ड पर निदेशक के रूप में व्यापक अनुभव है, इनमें कैनबैंक फैक्टर्स लिमिटेड, कैनबैंक कंप्यूटर सर्विसेज लिमिटेड, केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। आप केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की ट्रस्टी भी रह चुकी हैं।

भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न समितियों और कार्य समूहों में एक सदस्य के रूप में आपने नीति निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान दिया है, जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए भविष्य के रोड मैप को तैयार करना, वित्तीय समावेशन, कृषि मूल्य-श्रृंखला वित्तपोषण, बैंकिंग संवाददाता मुद्दे और हेल्थ केयर और शिक्षा के लिए निर्बाध ऋण प्रवाह के लिए तालमेल बनाना शामिल है।

सुश्री मणिमेखलै ने बेंगलूरु विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (विपणन) और नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस), मुंबई से मानव संसाधन प्रबंधन में डिप्लोमा किया है। आपने देश की प्रमुख संस्थानों में आयोजित विभिन्न कार्यपालक विकास कार्यक्रमों में भाग लिया है और साथ ही आप इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स से एक प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी) भी हैं।

आप 02 जून, 2025 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एमडी & सीईओ के रूप में आपका कार्यकाल समाप्त हुआ। वर्तमान में आप आईबीए की उपाध्यक्ष के रूप में पदस्थ हैं ।

सुस्वागतम

श्री सूरज श्रीवास्तव को 11.04.2025 से बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया किया गया। आपको कराधान एवं लेखा परीक्षा में सनदी लेखाकार (सीए) के रूप में 16 वर्षों से अधिक का अनुभव रहा है और अपने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य कंपनियों में वैधानिक ऑडिट, समवर्ती ऑडिट और शाखा ऑडिट किए हैं। आप विधि स्नातक (एलएलबी) भी हैं और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के सह सदस्य हैं। श्री श्रीवास्तव ने आईसीएआई से सूचना प्रणाली ऑडिट (आईएसए) मूल्यांकन परीक्षण भी पुराण किया है ।

श्री सूरज श्रीवास्तव पूर्व में भी 21, दिसंबर 2021 से 20, दिसंबर 2024 तक बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

भारत@2047: शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता

कल्पना कीजिए एक सुबह जब 2047 की पहली किरणें भारत के क्षितिज पर फैल रही हों। आज़ादी के सौ वर्ष पूरे हो चुके हैं और चारों ओर उल्लास का माहौल है। हर घर में तिरंगा लहरा रहा है और हर नागरिक के चेहरे पर गर्व की चमक है। इस दिन का सपना तो हमने 1947 में ही देख लिया था — एक ऐसा भारत जो शिक्षित हो, स्वस्थ हो और जहां हर किसी को बराबरी का हक़ हो।

वर्ष 2047 भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा — यह स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगाँठ केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का क्षण भी होगा: हम कहाँ थे, कहाँ पहुँचे और कहाँ जाना है। विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब हर नागरिक को शिक्षा मिले, हर व्यक्ति स्वास्थ्य सेवा पा सके, और समाज में हर वर्ग को समान अवसर प्राप्त हों। इन तीन स्तंभों — शिक्षा, स्वास्थ्य, और समानता — पर टिके भारत@2047 का सपना हमारे सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा तय करेगा।

शिक्षा क्षेत्र में प्रगति और चुनौतियाँ

शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने गौरवपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार भारत के विद्यालयी तंत्र ने 9.8 मिलियन शिक्षकों की मदद से 14.72 लाख स्कूलों में 24.8 करोड़ से अधिक छात्रों को शिक्षा दी है। सामुदायिक और निजी स्कूलों में भी विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ी है। वयस्क साक्षरता दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है; यह 2011 में 69.3% से बढ़कर 2023 में 77% हो गई है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को सुगम, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए तमाम सुधार लाती है। इसमें पाठ्यक्रम में अनावश्यक बोझ कम करने, डिजिटल तकनीक और उच्च-गुणवत्ता वाले ई-कंटेंट को अपनाने का उल्लेख है। शिक्षा और प्रशिक्षण को व्यावसायिक कौशल से जोड़ने के लिए 'स्किल इंडिया' व 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' जैसी पहलें भी शुरू की गईं। सरकारी प्रयासों में समग्र शिक्षा अभियान, स्टार्स (एसटीएआरएस) पाठ्यक्रम सुधार, दीक्षा (डीआईकेएसएचए) डिजिटल शिक्षा मंच, पीएम शहरी विद्यालय (PM SHRI), बालवाटिका, और बालिका शिक्षा (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) जैसी योजनाएँ शामिल हैं। इन पहलों ने विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के अवसर बढ़ाए हैं। ग्रामीण भारत में स्कूल पहुँच 90% से अधिक हो गई है। जनजातीय और सीमांत क्षेत्रों में मोबाईल शिक्षा व टेंट-शालाओं ने लचीलापन दिखाया। कुछ महत्वपूर्ण तथ्य:-

- **(एनईपी 2020) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के तहत 5+3+3+4 संरचना अपनाई गई, जिससे बाल्यावस्था से ही सीखने की प्रक्रिया सुदृढ़ हुई।
- **विद्यालयों में प्रौद्योगिकी की हिस्सेदारी:** 2019-20 में 38.5% स्कूलों में कंप्यूटर थे जो बढ़कर 2023-24 में 57.2% हो गए, और इंटरनेट सुविधा वाले स्कूल 22.3% से बढ़कर 53.9% हो गए।
- **उच्च शिक्षा में सुधार:** एनआईआरएफ (NIRF) रैंकिंग ने संस्थानों में प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता को बढ़ावा दिया। उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या 2014-15 में 51,534 से बढ़कर 2022-23 में 58,643 हो गई, अर्थात् 13.8% की वृद्धि हुई। उच्च शिक्षा की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए कॉलेजों की संख्या 21.1% बढ़कर 38,498 से 46,624 हो गई है।
- **छात्र ड्रॉप आउट दर में गिरावट:** अब प्राथमिक शिक्षा में 1.9%, माध्यमिक में 5.2% और उच्च माध्यमिक में 14.1% है।
- **डिजिटल शिक्षा का विस्तार:** 2020 के बाद से दीक्षा प्लेटफ़ॉर्म पर 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हुए।

चुनौतियाँ, जैसे:

- शिक्षकों की कमी, ग्रामीण-शहरी आधारभूत सुविधाओं का अंतर ।
- स्कूल ड्रॉपआउट दर विशेष रूप से किशोरियों में अब भी चिंताजनक ।
- निजी और सरकारी शिक्षा की गुणवत्ता में असमानता ।
- स्कूलों में संसाधनों का असंतुलन बना हुआ है।
- शिक्षा पर सरकारी व्यय वर्तमान में लगभग 3.0% है, जबकि राष्ट्रीय नीति इसका 6.0% लक्ष्य रखती है।
- पाठ्यक्रम सुधार में धीमापन।

भारत@2047 शिक्षा क्षेत्र में प्रगति के लिए कुछ आवश्यक कदम:

- उच्च शिक्षा में स्नातकों की गुणवत्ता व रोजगारोन्मुखी कौशल बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।
- भारत@2047 के विकास हेतु शिक्षा को और अधिक समावेशी, नवाचार पूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाना होगा।
- तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान-उन्मुख विश्वविद्यालय और निरंतर व्यावसायिक प्रशिक्षण को और प्रोत्साहन दिया जाना है।
- कार्य आधारित शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है।
- एआई, रोबोटिक्स, डेटा विज्ञान जैसे विषयों को विद्यालय स्तर पर लाना है।
- पुस्तक आधारित रटने की बजाय अनुभव आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना।

समावेशी पाठ्यक्रम, डिजिटल कक्षाएँ और सामुदायिक सहभागिता से हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेगा।

स्वास्थ्य सेवाओं में उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ:

स्वतंत्रता के समय भारत की स्वास्थ्य प्रणाली संकटग्रस्त थी - जीवन प्रत्याशा 40 वर्ष से भी कम, शिशु मृत्यु दर अत्यधिक और महामारी व्यापक। आज के भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में भी काफी प्रगति हुई है। 1970 में जीवन प्रत्याशा 47.7 वर्ष से बढ़कर 2024 में 70.62 वर्ष हो गई है। इसी तरह मातृ-मृत्यु दर 130 (2014-16) से 97 प्रति लाख (2018-20) और शिशु मृत्यु दर 189 (सन 1950) से 24.98 (सन 2025) प्रति हजार तक गिर गई है। इन आंकड़ों से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का पता चलता है, तथापि सभी राज्यों में प्रगति समान नहीं रही। सरकारी प्रयासों की बदौलत कई लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है।

मुख्य सरकारी पहलें:

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना (पीएम जेएवाई) के अंतर्गत रु. 5 लाख तक का वार्षिक इलाज कवर उपलब्ध हुआ है। 2024 में 70 वर्ष से ऊपर के लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को भी इस योजना में शामिल किया गया। 2025 तक 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। इसी अवधि में सरकारी स्वास्थ्य व्यय 29% से बढ़कर 48% हुआ और लोगों का जेब-खर्च 62.6% से घटकर 39.4% हो गया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)– ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत कर रहा है, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचा रहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत टेली-स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की गई हैं।

स्वच्छता और जल योजनाएँ – स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय और नल-जल कनेक्शन पहुंचाए गए, जिससे जलजनित रोग कम हुए हैं।

टीकाकरण– कोविड-19 सहित कई संक्रामक रोगों के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान चले।

महिला और बाल स्वास्थ्य: पोषण (POSHAN) अभियान से मातृ एवं बाल पोषण सुधर रहा है। मातृत्व वंदना योजना, मिशन इंद्रधनुष जैसी योजनाओं से कुपोषण और मातृ-मृत्यु दर में सुधार आया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा (ASHA) और एएनएम (ANM) कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही है।

टेलीमेडिसिन: डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड और एआई आधारित निदान प्रणाली, दूरदराज़ क्षेत्रों में भी सटीक उपचार उपलब्ध हुआ है।

जन औषधि केंद्र: देश भर में कम मूल्य पर गुणवत्ता युक्त दवाइयों की बिक्री की जा रही है, जिससे सामान्य जनता को सुविधा हो रही है।

चुनौतियाँ:

- ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं की कमी।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 80% स्टाफ की कमी है और केवल 20% स्वास्थ्य सुविधाएँ न्यूनतम मानकों पर खरी उतरती हैं, जिस कारण सरकारी अस्पतालों में भीड़, संसाधनों की कमी देखी जा रही है।
- देश का स्वास्थ्य बजट सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2.1% है, जबकि राष्ट्रीय नीति में इसे 2.5% करने का लक्ष्य रखा गया है।
- गैर-संचारी रोगों (जैसे मधुमेह, हृदय रोग) का बोझ बढ़ गया है और स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या अपर्याप्त है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक उपकरणों की अनुपलब्धता।
- मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर अधिक ध्यान दिया जाना अपेक्षित है।

भारत@2047 के लिए आवश्यक कदम:

- सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा प्रणाली (UHC) लागू करना।
- प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक-आधारित बनाना।
- उच्चस्तरीय अस्पतालों के नेटवर्क का विस्तार किया जाना।
- मानसिक स्वास्थ्य को सामाजिक चर्चा का विषय बनाना।
- टेली-स्वास्थ्य सेवाएं और डिजिटल हेल्थ प्लेटफ़ॉर्म मजबूत करना होगा।
- अनुसंधान एवं स्थानीय चिकित्सा विज्ञान को बढ़ावा दिया जाना।

स्वस्थ्य जनशक्ति विकास की सबसे बड़ी पूंजी है; इसलिए 2047 तक हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी।

सामाजिक समानता और समावेशन

संवैधानिक दृष्टिकोण: भारत के संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए हैं। सामाजिक समानता केवल नीति नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व है तदनुसार,

- अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए आरक्षण व्यवस्था की गई है।
- **महिला आरक्षण विधेयक 2023-** संसद में महिलाओं को 33% प्रतिनिधित्व प्रदान करता है।

आर्थिक समावेशन:

- प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत 15 जनवरी 2025 तक 54.5 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 55.7% खाता धारक महिलाएँ हैं।
- उज्ज्वला, आवास और रसोई गैस योजनाओं ने पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद की है।
- गरीबी रेखा पर जीवन यापन करने वालों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है: विश्व बैंक के अनुसार, $3.65/दिन मानक पर गरीबी दर 2011-12 में 61.8% थी, जो घटकर 2022-23 में 28.1% रह गई है।

लैंगिक समानता:

- **"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ":** 2014-15 में जन्म के समय लिंगानुपात 918 था, जो 2023-24 में बढ़कर 930 हो गया है। बालिकाओं का माध्यमिक शिक्षा में नामांकन 75.5% से बढ़कर 78% हो गया है. इन पहलों

से लिंगानुपात में सुधार आया है और महिलाओं की स्थिति मजबूत हुई है। इन उपलब्धियों के बावजूद "ग्लोबल जेंडर गैप" सूचकांक में भारत 129वें स्थान पर है, जो बताता है कि पूरी समानता अभी दूर है।

- श्रमशक्ति में महिला भागीदारी केवल 25% के आसपास है।
- कार्यस्थलों में लैंगिक असमानता बनी हुई है।

डिजिटल समानता: डिजिटल इंडिया की क्रांति समावेश के लिए एक अवसर है, लेकिन डिजिटल विभाजन भी मौजूद है। ग्रामीण-शहरी, लैंगिक और आर्थिक आधार पर इंटरनेट और तकनीकी संसाधनों की पहुँच असमान बनी हुई है।

भारत@2047 में समानता की दिशा

- सभी वर्गों, जातियों और लिंग के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना।
- सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक समावेशन को जोड़ना।
- नवोन्मेष, स्टार्टअप, और कौशल विकास को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना।
- दिव्यांगजनों, एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय और अल्पसंख्यकों को मुख्य धारा में लाना।
- नागरिकों को कर्तव्यों का भी उतना ही ध्यान रखना होगा जितना अधिकारों का।

भागीदारी और उत्तरदायित्व: सरकार अकेले यह बदलाव नहीं ला सकती। निजी क्षेत्र, सामाजिक संगठन, शैक्षिक संस्थान और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। समानता का मतलब केवल अवसर देना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई उन्हें पाने की स्थिति में हो।

2047 का भारत – एक उम्मीद, एक संकल्प: शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता – ये एक-दूसरे से जुड़े हुए पहलू हैं। एक शिक्षित समाज अधिक स्वास्थ्य-जागरूक होता है। एक समान समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य तक समान पहुँच संभव होती है। वर्ष 2047 में भारत का हर नागरिक जब गर्व से कह सके कि "मैं अवसरों की कमी से नहीं, अपनी मेहनत से तय करता हूँ अपना भविष्य," तभी यह यात्रा सफल होगी।

भारत@2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक चेतना का दर्पण है। जब हम यह सुनिश्चित कर पाएँगे कि:

- हर बच्चा स्कूल जाए और सीखने के अधिकार से वंचित न रहे।
- कोई मरीज पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न हो।
- जाति, लिंग या आर्थिक स्थिति किसी के सपनों को साकार करने में बाधा न बने।

तभी हम कह सकेंगे कि हमने आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होने पर अपने लोकतंत्र, विकास और मानवता के मूल्यों को निभाया है। भारत@2047 का सपना तभी साकार होगा जब शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता हर घर की पहचान बनें। आइए, हम सब मिलकर इस संकल्प को साकार करें।

सुशील मैठाणी
अं.ज्ञा.कें., हैदराबाद

दिनांक 03.07.2025 को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा आयोजित समारोह में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ईज़ 7.0 सुधार सूचकांक के अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ तथा बैंक द्वारा ईज़ 7.0 सुधार एजेंडा के तीन विषयों "विकसित भारत की ओर बैंकिंग", "प्रभावी जोखिम / धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली" तथा "उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास" में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु सम्मानित किया गया। श्री एम. नागराजू, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय से पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक, श्री संजय रुद्र, कार्यपालक निदेशक, श्री अनिल कुरिल, मुख्य महाप्रबंधक, श्री सी.एम. मिनोचा, मुख्य महाप्रबंधक, श्री ताता वेंकेट वेणुगोपाल, मुख्य महाप्रबंधक तथा श्री अविनाश वसंत प्रभु, मुख्य वित्तीय अधिकारी ।

अवसंरचना विकास: नए भारत की नींव

"जब नींव मजबूत होती है,
तभी इमारतें आसमान छूती हैं।"

यह कहावत भारत के आधुनिक विकास पर पूर्ण रूप से लागू होती है। 21वीं सदी का भारत वैश्विक मंच पर अपने आर्थिक और सामाजिक उत्थान की कहानी लिख रहा है। इस सफलता की बुनियाद अवसंरचना पर टिकी हुई है। अवसंरचना विकास देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाली शक्ति है। सड़कों से लेकर डिजिटल हाईवे तक, बिजली से लेकर जलापूर्ति तक, बंदरगाह से लेकर स्मार्ट सिटी तक — ये सभी नए भारत की अवसंरचना को परिभाषित कर रहे हैं।

अवसंरचना विकास से तात्पर्य है कि समाज के विकास के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचे, जैसे कि सड़क, परिवहन, बिजली, पानी, और संचार प्रणालियों का निर्माण और सुधार करना। अवसंरचना विकास देश में आवश्यक भौतिक संरचनाओं का निर्माण और विकास करना है, जो अर्थव्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने और समाज को बेहतर ढंग से सेवा प्रदान करने के लिए आवश्यक है।

भारत में अवसंरचना विकास की वर्तमान स्थिति:

सार्वजनिक अवसंरचना आर्थिक विकास की रीढ़ है, जो कनेक्टिविटी, व्यापार और समग्र जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत ने पिछले दशक में अवसंरचना विकास निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के योगदान ने विकास की गति को आकार दिया है। भारत का कुल बुनियादी ढांचा व्यय तेजी से बढ़ा है, 2024-25 में ₹11,11,111 करोड़ यानी जीडीपी का 3.4% बजट आबंटित किया गया है। अवसंरचना विकास समृद्धि, समावेशिता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की ओर अग्रसर है। अवसंरचना का अर्थ अब केवल सड़कें और बिजली नहीं है, बल्कि यह डिजिटल कनेक्टिविटी, गैस पाइपलाइन नेटवर्क और ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी सेवाओं का प्रसार भी है।

अवसंरचना विकास के पहलू:

- **भौतिक अवसंरचना:** इसमें सड़कें, रेल, हवाई अड्डे, बंदरगाह, ऊर्जा, जल आपूर्ति और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं।
- **डिजिटल अवसंरचना:** इसमें इंटरनेट, दूरसंचार, मोबाइल नेटवर्क और डेटा सेंटर जैसी सुविधाएं शामिल हैं।
- **सामाजिक अवसंरचना:** इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और आवास जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

अवसंरचना विकास का महत्व- अवसंरचना विकास, किसी भी राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परिवहन, ऊर्जा, संचार, पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण और रखरखाव है।

"भारत में विकास की असली कहानी तब लिखी जाएगी जब हर गांव तक सड़क और इंटरनेट पहुँचेगा।"
- नीति आयोग

1) **आर्थिक विकास:** एक अच्छी अवसंरचना कारोबार को स्थापित और विस्तृत करने, वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन और परिवहन को बढ़ावा देने तथा व्यापार को प्रोत्साहित करने में मदद करती है, जिससे आर्थिक विकास होता है।

2) **सामाजिक विकास:** सामाजिक विकास, जैसे कि स्कूल, अस्पताल और सामुदायिक केंद्र, नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक गतिविधियों तक पहुंच प्रदान करना।

3) **डिजिटल परिवर्तन:** डिजिटल अवसंरचना से सरकारी सेवाओं में सुगमता, कारोबार में तेजी और नागरिकों को सशक्त बनाने में मदद मिलती है।

4) **रोजगार सृजन:** अवसंरचना परियोजनाओं का निर्माण तथा रखरखाव रोजगार के अवसर पैदा करते हैं, जो लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं।

5) **जीवन की गुणवत्ता:** एक मजबूत अवसंरचना स्वच्छ पानी, उचित स्वच्छता, सुरक्षित परिवहन और अन्य बुनियादी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करके नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है।

6) **अंतरराष्ट्रीय संबंध:** एक मजबूत अवसंरचना किसी देश को विदेशी निवेशकों और व्यापारिक भागीदारों को आकर्षित करती है, जो आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान करते हैं।

नए भारत की दिशा में सरकार की प्रमुख अवसंरचना योजनाएं- अवसंरचना विकास आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समावेशिता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में अग्रसर है। सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर नागरिक को बेहतर सेवाएं और अवसर मिलें। सरकार ने अवसंरचना के विकास में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शुरू किया है।

1) **राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी):** यह पहचाने गए क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक निवेश योजना है, जो देश भर में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने और सभी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अपनी तरह की पहली कवायद है। एनआईपी का प्रयास इसे कुशल तरीके से पूरा करना है। सरकार ने ₹1.97 लाख करोड़ की प्रारंभिक स्वीकृति के साथ 7,400 परियोजनाओं का खाका तैयार किया है, जो 2025 तक पूर्ण होने की योजना

है। इसमें सड़क, रेलवे, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे और शहरी अवसंरचना शामिल हैं।

2) **प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना:** वर्ष 2021 में शुरू की गई पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) को रेलवे और रोडवेज सहित विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि अवसंरचना परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य परिवहन के विभिन्न साधनों में लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध और कुशल कनेक्टिविटी प्रदान करना है, जिससे अंतिम मील की कनेक्टिविटी बढ़े और यात्रा का समय कम हो। यह ₹1.2 ट्रिलियन की योजना है।

3) **भारतमाला परियोजना:** वर्ष 2017 में शुरू की गई भारतमाला परियोजना में लगभग 26,000 किलोमीटर लंबे आर्थिक गलियारों के विकास की परिकल्पना की गई है, इसमें 550 जिलों को 4-लेन हाईवे से जोड़ने का लक्ष्य है, जिससे माल परिवहन लागत में कमी और क्षेत्रीय विकास में वृद्धि होगी।

4) **सागरमाला परियोजना:** भारत में कुल 12 सरकारी स्वामित्व वाले प्रमुख बंदरगाह और लगभग 217 छोटे और मध्यवर्ती बंदरगाह हैं। यह परियोजना समुद्री मार्गों के माध्यम से बंदरगाहों को उत्पादन केंद्रों से जोड़ने का प्रयास है, जिससे संभार लागत में कमी और निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी।

5) **अन्य अवसंरचना योजनाएं:**

- **योजना का नाम - विवरण**

भारत अवसंरचना परियोजना विकास निधि योजना - यह योजना पीपीपी परियोजनाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 के अंतर्गत 2014-15 से 2024-25 तक शहरी अपशिष्ट संग्रह में 97% की वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना - 2024-25 में 7,71,950 किलोमीटर सड़कें पूरी की गईं, जिस पर कुल ₹ 331,584 करोड़ खर्च हुए।

अमृत योजना - हर घर में नल से पानी की आपूर्ति और सीवेज कनेक्शन हो, हरियाली और सार्वजनिक परिवहन पर स्विच करके, गैर-मोटर चालित परिवहन के लिए सुविधाओं का निर्माण करके प्रदूषण को कम किया जाए।

रूफटॉप सोलर मिशन - नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित कर स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बढ़ना।

स्मार्ट सिटी मिशन - इस मिशन का लक्ष्य 100 स्मार्ट शहरों का विकास, कुल 8,076 परियोजनाएं हैं, जिनकी लागत ₹1,64,706 करोड़ हैं, जिनमें से ₹1,54,351 करोड़ की लागत वाली लगभग 7,401 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

जल जीवन मिशन - इस मिशन का लक्ष्य हर ग्रामीण घर में नल का पानी उपलब्ध कराना है। इसकी शुरुआत के समय, केवल ₹3.23 करोड़ (17%) ग्रामीण घरों में सुरक्षित पेयजल कनेक्शन था। दिनांक 1 फरवरी, 2025 तक, जल जीवन मिशन ने ₹12.20 करोड़ ग्रामीण घरों में सफलतापूर्वक सुरक्षित पेयजल कनेक्शन हो गया है ।

नाबार्ड ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) की स्थापना भी की है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है, इसके अलावा, भारत में शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) भी है जो शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है

अवसंरचना विकास में भारत की रैंकिंग बेहतर हो रही है लेकिन अब भी कई क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। भारत सरकार का लक्ष्य है 2047 तक देश को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाना। इसके लिए निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

- 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य
- हर क्षेत्र में सतत एवं समावेशी विकास
- हाइब्रिड ऊर्जा और हरित अवसंरचना
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा आधारित स्मार्ट सिटीज़

हाल ही में, भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से राष्ट्रीय अवसंरचना एवं विकास वित्तपोषण बैंक (एनएबीएफआईडी) को कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक "सार्वजनिक वित्तीय संस्थान" के रूप में अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य देश में अवसंरचना वित्तपोषण को बढ़ावा देना है।

अन्य चार एआईएफआई (अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान) हैं: भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)

अवसंरचना विकास केवल भौतिक ढांचा नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, समानता और समृद्धि का मार्ग है। एक सशक्त अवसंरचना न केवल वर्तमान पीढ़ी को बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को भी अवसर प्रदान करती है। भारत जिस गति से अपने विकास पथ पर अग्रसर है, उसमें अवसंरचना उसकी रीढ़ बनकर खड़ी है। "नया भारत तब बनेगा, जब हर नागरिक तक विकास की पहुँच होगी। और यह तभी संभव होगा जब उसकी नींव - यानी अवसंरचना - मजबूत होगी।"

प्रवीण कुमार
अनूप नगर शाखा,
क्षे.का., इंदौर

संवहनीय कृषि हेतु किसान कल्याण योजनाएं

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान प्राचीन समय से ही महत्वपूर्ण रहा है। भारतीय प्राचीन ग्रन्थों में कृषि उपजों की व्याख्या और कृषि उपयोग में लाए जाने वाले पशुओं की महत्ता का विवरण इस बात का द्योतक है कि भारत अनादि काल से कृषि प्रधान देश रहा है। सिंधु घाटी सभ्यता, मोहनजोदाड़ों कि खोदाई और लौह काल में निर्मित कृषि में प्रयोग किए जाने वाले औज़ार भारत के समृद्ध कृषि पृष्ठभूमि को प्रतिबिम्बित करते हैं।

भारत में कृषि कि महत्ता को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र भारत में कृषि विनिर्माण विशेषकर बड़े बांधों जैसे कि हीराकुंड, भाखड़ा नांगल, सिंचाई इकाइयों नहर ट्यूबवेल व कृषि खाद कारखानों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया गया। कृषि क्षेत्र में ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु वर्ष 1969 में 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। वर्ष 1972 में प्राथमिक क्षेत्र ऋण की अवधारणा प्रकाश में आई तथा देश में कृषि ऋण को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (1975) की स्थापना, 06 अन्य बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण (1980), नाबार्ड (1982) का गठन तथा 1998 में लाई गई किसान क्रेडिट कार्ड स्कीम भारत में कृषि विकास में मील का पत्थर साबित हुई। भारत के किसानों नें अपने अथक प्रयास से वर्ष 1960 के मध्य में लाई गई हरित क्रांति के सपनों को सच कर दिखाया जिससे भारत अन्न उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो पाया। भारत में किए गए इन सभी प्रयासों के कारण ही 1950-51 से 2020-21 उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार खाद्यान्न में 6.21 गुना, बागवानी फसलों में 11.53 गुना, मछली उत्पादन में 21.61 गुना दुग्ध उत्पादन में 13.01 गुना और अंडों के उत्पादन में 70.74 गुना वृद्धि हुई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के लिए प्रमुख कृषि फसलों के अंतिम अनुमानों के अनुसार भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकार्ड 3322.98 लाख मीट्रिक टन रहा जो 1950-51 के 510 लाख मीट्रिक टन से कहीं अधिक है। भारत में किसान कल्याण हेतु उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदम निम्नलिखित हैं।

कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीए&एफ़डबल्यू): यह भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग है इस विभाग का नेतृत्व केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार और दो अन्य राज्य मंत्रियों द्वारा किया जाता है। इस विभाग का मुख्य कार्य देश में कृषि के विकास और किसानों के कल्याण के लिए नीतियाँ बनाना और उन्हें लागू करना है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना: इस योजना के तहत किसान अपनी फसलों के अनुरूप स्केल आफ फाइनेंस और भूमि जोत के अनुसार किसी भी वाणिज्यिक बैंक, लघु वित्त बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक या सहकारी संस्था से ऋण सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 2 लाख तक ऋण लेने वाले किसानों को अब किसी भी समपार्श्विक प्रतिभूति या गारंटी देने की आवश्यकता नहीं होती। वर्तमान में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की सुविधा पशुपालक और मत्स्य पालन से जुड़े किसानों हेतु किसान क्रेडिट कार्ड - पशुपालन और मत्स्य पालन (केसीसी-एएचएफ) नाम से भी उपलब्ध है।

संशोधित ब्याज अनुदान योजना: यह योजना मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लाभार्थियों द्वारा प्राप्त ऋणों पर लागू होती है। इस योजना में ₹3.00 लाख तक किसान क्रेडिट कार्ड या ₹2.00 लाख तक का किसान क्रेडिट कार्ड - पशुपालन और मत्स्य पालन योजना के किसान लाभार्थी शामिल हो सकते हैं। इस योजना के तहत किसानों को 7% की दर से पहले वर्ष में ऋण प्रदान किया जाता है तथा बैंकों को सरकार द्वारा 1.5% की सब्सिडी प्रदान की जाती है तथा सही समय से ऋण चुकाने वाले किसानों को 3% अतिरिक ब्याज अनुदान भी प्रदान किया जाता है।

प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफ़बीवाई): किसानों को कम प्रीमियम पर फसल बीमा प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 18 फरवरी, 2016 को प्रारम्भ की गई। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, कीट और बीमारियों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना में किसानों को बहुत कम और सस्ती बीमा प्रीमियम दरों का भुगतान करना होता है।

प्रधान मंत्री मुद्रा योजना: 08 अप्रैल, 2015 को लांच की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को बिना किसी समपार्श्विक प्रतिभूति के ₹ 20 लाख तक का ऋण उपलब्ध करना है। इस योजना का लाभ उन किसानों को भी प्रदान कराया जा सकता है जो डेरी, पोल्ट्री या कृषि संयन्त्रों की खरीद हेतु ऋण सुविधा का लाभ लेना चाहते हैं।

प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि: दिनांक 24 फरवरी, 2025 को माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किश्त भारत के किसानों के खातों में अंतरित की गई। इस योजना के माध्यम से भारत सरकार किसानों के खातों में प्रति वर्ष प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से कुल ₹6000.00 का भुगतान करती है। दिसंबर - मार्च 2024-25 में इस योजना के कुल लाभार्थी किसानों की संख्या 10,04,67,693 रही।

ई-नाम पोर्टल: इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रिकल्चर मार्केट जिसे ई-नाम से भी जाना जाता है एक कृषि उपज ट्रेडिंग पोर्टल है। इस पोर्टल का उद्देश्य कृषि उपज हेतु एक देश एक बाजार के सिद्धांत के अनुसार वर्तमान एपीएमसी मंडी को एकीकृत करके एक पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध करना है। सरकार की इस पहल से किसानों को फसल का उचित मूल्य, पारदर्शिता, बाजार की जानकारी आसानी से प्राप्त हो पा रही है।

प्रधान मंत्री कृषि मान धन योजना : प्रधानमंत्री कृषि मानधन योजना (पीएम-

केएमवाई) भारत सरकार द्वारा लघु और सीमांत किसानों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पेंशन योजना है। यह एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को 60 वर्ष की आयु के बाद नियमित आय प्रदान करना, ताकि वे बुढ़ापे में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें। 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर, पात्र किसानों को प्रति माह न्यूनतम ₹3,000 की निश्चित पेंशन राशि मिलेगी।

कृषि शिक्षा व अनुसंधान: भारत में कृषि शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 16 जुलाई, 1929 में स्थापित इंडियन काउंसिल आफ एग्रिकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) एक स्वायत्त संस्था है जिसका मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में कृषि के साथ साथ बागवानी, मछली पालन, पशु विज्ञान इत्यादि क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। वर्तमान में पूरे देश में 113 आईसीएआर और 74 कृषि विश्वविद्यालय के नेटवर्क के साथ कृषि शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी संस्था है।

भारत में संवहनीय कृषि हेतु उठाए गए प्रमुख कदम : संवहनीय कृषि (Sustainable Agriculture) या टिकाऊ खेती एक ऐसी कृषि प्रणाली है जो पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए, आर्थिक रूप से व्यवहार्य रहकर और सामाजिक रूप से न्यायसंगत तरीकों से खेती को बढ़ावा देती है। भारत सरकार द्वारा संवहनीय कृषि की दिशा में किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्य निम्नवत हैं।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना: भारत सरकार द्वारा 19 फरवरी, 2015 को राजस्थान के सूरतगढ़ में शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड एक प्रिंटेड रिपोर्ट होती है, जो किसानों को उनके खेत की मिट्टी की जांच के बाद दी जाती है। इस कार्ड में मिट्टी के 12 प्रमुख रसायनिक तत्वों/मापदंडों की जानकारी होती है।

नेशनल मिशन फॉर नैचुरल फ़ार्मिंग: नेशनल मिशन फॉर नैचुरल फ़ार्मिंग का लक्ष्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार करना , कृषि पारिस्थितिकी प्रणालियों को बहाल करना और कृषि में जलवायु लचीलापन (क्लाइमेंट रेजिलिएंस) का निर्माण करके भविष्य की पीढ़ियों के लिए धरती माता के कायाकल्प और स्थिरता को सुनिश्चित करना है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने जैविक खेती से संबन्धित जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए "राष्ट्रीय मिशन प्रकृतिक खेती प्रबंधन एवं ज्ञान पोर्टल"-naturalfarming.dac.gov.in की शुरुआत की है। इस योजना के तहत लाभार्थी किसानों को राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान के तत्वाधान में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना: प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) 2015-16 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य खेतों पर पानी की भौतिक पहुंच को बढ़ाना और सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, खेत के पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करना, स्थायी जल संरक्षण प्रथाओं को लागू करना इत्यादि है। इस योजना के अन्य उद्देश्यों में बेहतर जल दक्षता के माध्यम से पर्यावरणीय लाभ, सतही-भूगर्भीय जल के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देना, जलाशयों का व्यापक सुधार और जीर्णोद्धार करना जिससे टैंक भंडारण क्षमता में वृद्धि हो सके और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा मिल सके।

परंपरागत कृषि विकास योजना: जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लिए प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) का एक घटक, परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) चलाई जा रही है। पीकेवीवाई के तहत, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जैविक क्लस्टरों में 03 साल के लिए ₹31,500 प्रति हेक्टेयर की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जिसमें सीधे किसानों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से खेत के अंदर और बाहर (ऑन-फार्म और ऑफ-फार्म) जैविक इनपुट हेतु ₹15000 प्रति हेक्टेयर की सहायता प्रदान की जाती है।

राष्ट्रीय गोकुल मिशन: राष्ट्रीय पशुधन विकास योजना के अंतर्गत चलने वाली योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन का बजटीय प्रावधान ₹2400 करोड़ का वर्ष 2021–2024 तक के लिए भारत सरकार द्वारा किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए संवहनीय तरीके से गोवंश का संवर्धन और दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी करना है। इस योजना के अंतर्गत त्वरित नस्ल सुधार के लिए आईवीएफ़ गर्भाधान पर ₹5000, वर्गीकृत वीर्य की लागत का 50% सब्सिडी किसानों को प्रदान की जाती है तथा नस्ल गुणन फार्म की स्थापना हेतु पूंजीगत लागत का 50% तक या अधिकतम ₹2.00 करोड़ तक उद्यमियों को उपलब्ध कराई जाती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान आदिकाल से ही महत्वपूर्ण रहा है। आजादी के बाद, सरकार ने कृषि उत्थान के लिए कई अहम कदम उठाए। भूमि सुधार, बड़े बांधों का निर्माण, सहकारी समितियों का विस्तार, बैंकों का राष्ट्रीयकरण और नाबार्ड जैसी संस्थाओं की स्थापना ने किसानों को सशक्त किया। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफ़बीवाई) और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने किसानों को वित्तीय सुरक्षा और आय में वृद्धि प्रदान की।

ई-नाम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने किसानों को उचित मूल्य दिलाने में मदद की, जबकि प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना ने सामाजिक सुरक्षा प्रदान की। आईसीएआर, कृषि शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है। संवहनीय कृषि के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कदम उठाए गए। इन प्रयासों से भारत न केवल खाद्य आत्मनिर्भर बना, बल्कि कृषि उत्पादों का प्रमुख निर्यातक भी बन गया है। खाद्यान्न, बागवानी और पशुधन उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे किसानों के जीवन में सुधार आया है और देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

मो. शाहीद कबीर
अं.ज्ञा.कें., भुवनेश्वर

शिखर की ओर

मुख्य महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई

ताता वेंकेट वेणुगोपाल

जी के सुधाकर राव

बिरजा प्रसाद दास

महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई

हर मोहन साहू

रवि शंकर

सत्यजित मोहंती

जूना रोस्लिन

डॉ एच. टी. वासप्पा

सिद्धार्थ किरण मजूमदार

दिलीप मिश्रा

कुमार राहुल

वी माधवी

राजेंद्र कुमार

कल्याण वर्मा

राजकुमार एस ए

तजविंदर कौर

उप महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई

नरेश कुमार वाई

इश्तियाक अर्शद

शैलेंद्र कुमार

पी. एम. सेंथिल कुमार

रंजीता सुरेश

हिमांशु व्यास

अंकुर सर्राफ

एम. वी. तिलक

एम वी के किशोर

टी वी कपिल राज

मुकेश कुमार

अच्युत हरि मुदलियार

एस जय राजू

सरोज कुमार राउत

समीर कुमार

अजय खरे

गौरव कुमार

अश्वनी कुमार त्रिपाठी

जी रामप्रसाद

संजीव कुमार सिंह

रेवती रमण विकास सिन्हा

हिमांशु मिश्रा

सुनिल वी पाटिल

विभूति भूषण राउत

नवनीत परुथी

तेजस्विनी वी. सी.

विकास ईडा

रवि रंजन

प्रिंस डी

प्रिया चौधरी

हम आपके नेतृत्व में बैंक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं

शुभमस्तु

सुदर्शन भट्ट, मुख्य महाप्रबंधक

के एस डी शिव प्रसाद, महाप्रबंधक

एन. चेझियन, महाप्रबंधक

प्रमोद कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक

मोहनदास, उप महाप्रबंधक

हम आपके सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं

नवीकरणीय ऊर्जा और भारत का भविष्य

भारत का दृष्टिकोण नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से वर्ष 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करना तथा वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना है। नवीकरणीय ऊर्जा ऐसी ऊर्जा है जिसे खपत की तुलना में प्राकृतिक स्रोतों से अधिक मात्रा में पुनःपूर्ति की जा सकती है। यह परंपरागत ऊर्जा स्रोतों की अपेक्षा किफायती तथा पर्यावरण के अनुकूल होती है। यदि हमें अपने आने वाली पीढ़ियों के जीवन के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो जीवाश्म ईंधन यथा - कोयला, तेल और गैस जैसे कार्बन उत्सर्जी ईंधनों की खपत को सीमित कर नवीकरणीय ऊर्जा के अधिकतम उपयोग की ओर अग्रसर होना होगा। ऊर्जा उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन जलाए जाने से कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता जो जलवायु परिवर्तन संकट का कारण है। जबकि नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्ति में शून्य कार्बन उत्सर्जन होता है जो जलवायु परिवर्तन संकट को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण है।

नवीकरणीय ऊर्जा के प्रकार:

सौर ऊर्जा: सौर ऊर्जा एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जिसमें सिलिकॉन जैसे अर्धचालक धातु से बने फोटोवोल्टिक सेल सूर्य के प्रकाश को अवशोषित कर इलेक्ट्रॉन को मुक्त कर विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर देता है। एक अध्ययन के अनुसार भारत के मैदानी क्षेत्र में प्रति वर्ष लगभग 5,000 ट्रिलियन किलोवाट प्रति-घंटे सौर ऊर्जा प्रवाहित होती है और अधिकांश भागों में यह प्रति दिन 4-7 किलोवाट प्रति-घंटे प्रति वर्गमीटर प्राप्त होती है। सैद्धांतिक रूप से सूर्य से प्राप्त ऊर्जा का छोटा अंश भी यदि प्रभावी ढंग से उपयोग कर लिया जाए तो यह पूरे देश की बिजली आपूर्ति संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय ऊर्जा परिदृश्य में सौर ऊर्जा के सफल उपयोग ने पर्यावरण अनुकूल तरीके से भारतीय गांवों में लाखों लोगों का भोजन पकाने, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर उन्हें लाभान्वित किया है। परंपरागत ईंधन जैसे लकड़ी, गोबर के कंडे आदि के द्वारा रसोई में खाना पकाने वाली ग्रामीण महिलाओं और लड़कियों को धुएँ के कारण फेफड़ों और आंखों की बीमारियों के जोखिम को कम किया है। ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन का अवसर मिला है तथा सामाजिक जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

भारत सरकार ने देश में सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय सौर मिशन (एनएसएम), सौर पार्क योजना, वीजीएफ योजनाएं, सीपीएसयू योजना, केनाल टॉप योजना, ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप योजना आदि शुरू की हैं। पिछले वित्तीय वर्ष के मुक़ाबले 2024-25 में सौर ऊर्जा उत्पादन में 23.83 गीगावाट वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में कुल स्थापित सौर क्षमता 105.65 गीगावाट है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड इंस्टॉलेशन 81.01 गीगावाट, रूफटॉप सोलर 17.02 गीगावाट, हाइब्रिड प्रोजेक्ट्स के सोलर कंपोनेंट से 2.87 गीगावाट और ऑफ-ग्रिड सिस्टम से 4.74 गीगावाट शामिल हैं।

पवन ऊर्जा: पवन-चक्की के सहायता से टर्बाइन को घुमाकर हवा की गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर पवन ऊर्जा प्राप्त की जाती है। पवन ऊर्जा की यह प्रक्रिया पवन की औसत गति के उपर निर्भर होता है अतः समुद्र के तटीय क्षेत्र या बड़े जल स्रोत के तट जहां तेज हवाएँ चलती है, पवन-चक्की स्थापित करने का आदर्श स्थान होता है।

सरकार, विभिन्न मौद्रिक और वित्तीय प्रोत्साहन के माध्यम से पूरे देश में पवन ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है जिसमें नीजी क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने हेतु उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (जीबीआई) योजना प्रमुख है। भारत में पवन ऊर्जा क्षेत्र का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसिक हो चुकी है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार देश में पवन ऊर्जा का उत्पादन क्षमता लगभग 10,000 मेगावाट प्रति वर्ष है। वर्ष 2024-25 के दौरान पवन ऊर्जा में 4.15 गीगावाट की नई क्षमता जोड़ी गई है। कुल संचयी स्थापित पवन क्षमता अब 50.04 गीगावाट है, जो भारत के नवीकरणीय ऊर्जा में पवन ऊर्जा की मजबूत भूमिका को दर्शाता है।

भू - तापीय ऊर्जा: पृथ्वी के केंद्र यानी कोर का तापमान लगभग 4000°C है जिसके कारण भूतल के नीचे पिघली हुई चट्टानों की कई परतें है जिसे मैग्मा कहा जाता है। कभी-कभी भौगोलिक घटनाओं के कारण ये मैग्मा ऊपर उठकर पृथ्वी के सतह के नीचे जमा हो जाते है। जब ये मैग्मा भूजल के सम्पर्क में आता है तो जल को वाष्पित कर एक हॉट-स्पॉट क्षेत्र का निर्माण करता है। इस हॉट-स्पॉट क्षेत्र में छेद कर अत्यधिक दवाब वाले वाष्प को पाइप के माध्यम से लाकर विद्युत जेनेरेटर से जुड़े टर्बाइन को घुमाया जाता है जिससे बिजली उत्पन्न होती है। भूतापीय ऊर्जा का सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह स्थान विशिष्ट है। भूतापीय ऊर्जा के हॉट-स्पॉट अधिकांशतः ऐसे क्षेत्रों में पाये जाते हैं जहाँ भूकंप या ज्वालामुखी गतिविधि का खतरा लगातार बना रहता है।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने देश में लगभग 350 भूतापीय ऊर्जा स्थान खोजे हैं। इनमें से सबसे अधिक आशाजनक स्थिति लद्दाख की पुगा घाटी में है। भारत में 7

भू-तापीय प्रांत हैं यथा - हिमालय, सोहना, पश्चिमी तट, कैम्बे (गुजरात), गोदावरी, महानदी और सोन-नर्मदा-तापी (सोनाटा)।

जल विद्युत: जल प्रवाह की गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर जल विद्युत प्राप्त की जाती है। किसी जलाशय या नदी के पानी को बांध बनाकर संगृहीत किया जाता है, इसके बाद पानी के तेज धार को विद्युत जेनेरेटर से जुड़े टरबाइन से गुजार कर विद्युत उत्पन्न किया जाता है। हमारे देश में वर्षा की मात्रा या पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन विशेषकर सुखे की स्थिति इसकी उत्पादन क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

भारत में अक्षय ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत जल विद्युत है। हाल के आँकड़ों के अनुसार, भारत में 25 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली 197 पन बिजली परियोजनाएं संचालित हो रही हैं जिनकी कुल स्थापित क्षमता 46,928 मेगावाट है, जबकि लघु पन बिजली परियोजनाओं (25 मेगावाट तक) की क्षमता 5,100.55 मेगावाट दर्ज की गई है। इस प्रकार भारत की कुल पन बिजली क्षमता लगभग 52,028 मेगावाट हो चुकी है, जो वैश्विक परिदृश्य में भारत को एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है। भारत में पन बिजली उत्पादन का लगभग 92.5% हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के हाथों में है। इनके निरंतर प्रयासों से भारत पन बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

देश की प्रमुख पन बिजली परियोजनाएं:

टिहरी बाँध - उत्तराखंड में स्थित है भारत की सबसे बड़ी इस पन बिजली परियोजना की स्थापित क्षमता 2,400 मेगावाट है।

कोयना परियोजना - महाराष्ट्र में स्थित इस परियोजना की स्थापित क्षमता 1,960 मेगावाट है।

सरदार सरोवर बाँध – गुजरात में नर्मदा नदी पर निर्मित इस परियोजना की क्षमता 1,450 मेगावाट है।

भाखड़ा नांगल बाँध - हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी पर स्थित इस परियोजना की क्षमता 1,379 मेगावाट है।

ये सभी परियोजनाएं न केवल बिजली उत्पादन में बल्कि सिंचाई और पेयजल आपूर्ति, बाढ़ और सूखे पर नियंत्रण, नौवहन जैसी बहुआयामी सेवाओं में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

महासागरीय ऊर्जा: पृथ्वी के तीन भागों पर स्थित महासागर अपने में विशाल ऊर्जा समेटे हुए है जिसे महासागरीय ऊर्जा कहते है; प्रौद्योगिकियों के सहायता से इससे तीन प्रकार की ऊर्जा प्राप्त किया जाता है:

1. **ज्वारीय ऊर्जा (टाइडल एनर्जी):** महासागर में उठने वाले ज्वार-भाटा में विद्यमान ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। पृथ्वी के इर्द-गीर्द स्थित चंद्रमा की कक्षा के एक निश्चित पैटर्न के कारण महासागरीय तटों पर ज्वार-भाटा आता है जिसे समुद्र के किसी संकरे मुखद्वार पर बांध बनाकर संचित कर लिया जाता है। बांध के मुखद्वार पर एक टर्बाइन लगा कर ज्वारीय ऊर्जा को विद्त ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है। गुजरात में कच्छ की खाड़ी, कैम्बे की खाड़ी और पश्चिम बंगाल के सुंदरबन जैसे क्षेत्रों में ज्वारीय ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण की काफी संभावनाएं हैं।
2. **तरंग ऊर्जा (वेव एनर्जी):** समुद्र की सतह पर उठने वाली तरंगों के गतिज ऊर्जा के माध्यम से टर्बाइन घुमाकर विद्त यानी तरंग ऊर्जा प्राप्त किया जाता है। 150 मेगावाट की क्षमता वाली पहली तरंग ऊर्जा परियोजना त्रिवेन्द्रम के पास विझिंजम में स्थापित की गई है।
3. **महासागरीय तापीय ऊर्जा (ओशन थर्मल एनर्जी):** महासागर का सतही जल पर्याप्त रूप से गर्म हो जाने पर उसके माध्यम से अमोनिया (25°C पर वाष्पित) को गर्म कर वाष्पशील कर लिया जाता है अब इस वाष्प की सहायता से टर्बाइन को घुमाकर विद्त उत्पादित किया जाता है। उसके पश्चात सागर की गहराई से ठंडा जल खींच कर अमोनिया के वाष्प को पुनः तरल रूप में संघनित कर चक्रीय रूप से इसे काम में लाया जाता है।

   हमारे देश में महासागरीय ऊर्जा अभी विकास के चरण में है और भविष्य में इसकी काफी संभावनाएं हो सकती हैं।

जैव ऊर्जा: जैव ऊर्जा यानी बायोएनर्जी का उत्पादन कई तरह की जैविक सामग्रियों, जिन्हें बायोमास कहा जाता है जैसे - लकड़ी, चारकोल, गोबर, खादें एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ से किया जाता है। आधुनिक जैव ऊर्जा अपने आप में विशिष्ट है क्योंकि यह स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के अतिरिक्त कई सामाजिक एवं पर्यावरणीय लाभ प्रदान करती है। जैव ऊर्जा का प्रयोग वायु, जल एवं भूमि प्रदूषण को कम करने में सहायता करता है तथा स्थानीय रोजगार एवं कारोबार के अवसर भी उपलब्ध कराता है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने चरण-1 के तहत दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2026 तक की अवधि के लिए 858 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय जैवऊर्जा कार्यक्रम को अधिसूचित किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित उपयोजनाएं चलाई जा रही हैं:

1. **अपशिष्ट से ऊर्जा कार्यक्रम:** शहरी, औद्योगिक एवं कृषि अपशिष्टों/ अवशेषों से ऊर्जा संबंधी कार्यक्रम।

2. **बायोमास कार्यक्रम:** ब्रिकेट एवं पैलेट के निर्माण में सहायता और बायोमास (गैर-खोई) आधारित उद्योगों में सह उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए योजना।

3. **बायोगैस कार्यक्रम:** योजना के अंतर्गत प्रतिदिन 1 से 2500 क्यूबिक मीटर के बायोगैस संयंत्र की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

जैव ऊर्जा संयंत्रों की विद्त उत्पादन की कुल क्षमता 11.58 गीगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें ऑफ-ग्रिड और अपशिष्ट-से-ऊर्जा परियोजनाओं से 0.53 गीगावाट शामिल है।

ग्रीन हाइड्रोजन: इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन विभाजित कर हाइड्रोजन को संगृहीत कर ग्रीन हाइड्रोजन प्राप्त किया जाता है। पानी के इलेक्ट्रोलिसिस की प्रक्रिया में विद्युत उर्जा की खपत होती है अतः आवश्यक है कि उपर्युक्त प्रक्रिया केवल नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे सौर या पवन ऊर्जा) द्वारा ही किया जाए।

भारत का लक्ष्य 2030 तक पांच मिलियन टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। भारत में ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण क्षमता पर निर्भर करता है। 2025 तक इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण क्षमता 8 गीगावाट प्रति वर्ष तक पहुंचने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक भारत में हरित हाइड्रोजन बाज़ार का संचयी मूल्य $8 बिलियन तक पहुँच सकता है और भारत को हाइड्रोजन उत्पादन बढ़ाने के लिये कम-से-कम 50 गीगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र की आवश्यकता होगी। हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन चला रही है। इसके अंतर्गत आरंभिक चरण में वर्ष 2029-30 तक 17,490 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ दो अलग-अलग वित्तीय प्रोत्साहन व्यवस्था यथा इलेक्ट्रोलाइजरों के निर्माण के लिए प्रोत्साहन तथा ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे है।

भारत में नवीकरणीय ऊर्जा विद्त उत्पादन क्षेत्र में क्रातिकारी परिवर्तन लाई है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार भारत ने 223 गीगावाट से अधिक अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित कर लिया है - जिसमें सौर ऊर्जा से 108 गीगावाट और पवन ऊर्जा से 51 गीगावाट शामिल है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अनुसार 2030 तक भारत की बिजली खपत बढ़कर 817 गीगावाट तक पहुंच सकती है। 2029-30 तक ऊर्जा उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 18% से बढ़कर 44% जबकि ताप विद्युत का उत्पादन 78% से घटकर 52% होने की उम्मीद है।

सरकार की प्रतिबद्धता और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए हम कह सकते हैं कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच नवीकरणीय ऊर्जा एक स्थायी और पर्यावरण हितैषी ऊर्जा स्रोत के रूप में भारत के ऊर्जा मिशन में अपनी भूमिका को और मजबूत करेगी।

राजीव रंजन
क्षे.का., बालेश्वर

उद्यमित भारत विकसित भारत

उद्यमी बन प्रेरित करें
विकसित भारत निर्मित करें।

भारत की अर्थव्यवस्था में
कैसे सुधार और लाना है।
अब देश को विकसित करना है
और कारोबार बढ़ना है।।

शिक्षा भी बहुत जरूरी है
हमें पढ़ना और पढ़ाना है।
उद्यमिता से होगा विकास
यह जन-जन को समझाना है।।

भुखमरी गरीबी मिटे यहाँ
और सबको रोजगार मिले।
भारत के बच्चे-बच्चे को
तब खुशियों का संसार मिले।।

कौशल और ज्ञान के संगम से
सजती विकास की धरती है।
आशा के अनुरूप धरा पर
सुख समृद्धि बरसती है।।

करें प्रयास उद्यम करें
युवा विकास का प्रण करें।
हर क्षण का मूल्य संवर्धन करें
विकसित भारत हेतु प्रयत्न करें।।

अपराजिता प्रीति
क्षे.का., वरंगल

उद्घाटन

डेलापीर शाखा, क्षे.का., बरेली

साबरमती शाखा, अंचल कार्यालय, गांधीनगर

पडुबिद्री शाखा, क्षे.का., उडुपि

एटीएम, भद्रावती बी एच रोड शाखा, क्षे.का., शिवमोग्गा

वाडवल्ली शाखा, अंचल कार्यालय, कोयम्बत्तूर

डीजीएमएस शाखा, क्षे.का., धनबाद

गोधरा शाखा, क्षे.का., आणंद

मण्णुत्ति शाखा, क्षे.का., तृश्शूर

यूनियन प्रीमियर शाखा, क्षे.का., गोवा

कृषि ऋण केंद्र (एएलपी) परिसर, क्षे.का., बठिंडा

क्षे.का., तिरुनेलवेली

अयत्तिल शाखा, क्षे.का., कोल्लम

तिलियापुर शाखा, क्षे.का., बरेली

राया शाखा, क्षे.का., आगरा

पेनुकोंडा शाखा, क्षे.का. अनंतपुर

स्किल इंडिया मिशन

आज जहाँ विश्व में अधिकांश देशों की युवा जनसंख्या बहुत ही कम है, वहीं भारत में आधे से अधिक आबादी की उम्र पच्चीस वर्ष से कम है। किसी भी देश के भविष्य का निर्धारण वहाँ की युवा पीढ़ी के सपनों, क्षमताओं और उनके सशक्तिकरण से ही होता है। लेकिन जब किसी देश का युवा बेरोज़गारी, कुशलता की कमी और अवसरों के अभाव के कारण भटकने लगे, तो यह देश की सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसी ही स्थिति से बचने और समस्या को सुलझाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया — "स्किल इंडिया मिशन", जिसका उद्देश्य युवाओं को केवल रोज़गार दिलाना नहीं था, बल्कि उन्हें कार्यकुशल और योग्य बनाना था ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें, स्वयं के पैरों पर खड़े हो सकें और देश की विकास गति में अपना योगदान दे सकें।

ऐसे ही महत्वपूर्ण अभियान की आवश्यकता कई दशकों से महसूस की जा रही थी। भारत में हर वर्ष लाखों युवा विद्यालयों और महाविद्यालयों से शिक्षा पूर्ण करते हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश को अपनी शिक्षा के अनुरूप नौकरी नहीं मिल पाती। इसका कारण है पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में "कौशल" की कमी और कौशल विकास पर कम ध्यान देना। ऐसी स्थिति में एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान की आवश्यकता थी जो युवाओं को उद्योग की ज़रूरतों के अनुसार प्रशिक्षण दे तथा आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी भी दे ।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 15 जुलाई, 2015 को स्किल इंडिया मिशन की नींव रखी गई। इस मिशन का नारा था — "कौशल भारत, कुशल भारत"। इस पहल के अंतर्गत वर्ष 2022 तक 40 करोड़ लोगों को विभिन्न प्रकार के कौशलों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया। यह एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य था, किंतु इसके पीछे एक बड़ा सपना था — भारत देश के हर एक युवा को यह एहसास कराना कि देश का भविष्य उसी के हाथ में है। वह केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला भी बन सकता है।

स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत कई योजनाएं शुरू की गईं। इनमें प्रमुख है प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना। इसके अंतर्गत लाखों युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया। इस योजना में प्रत्येक युवा को लगभग 3 से 6 महीने की अवधि में व्यावसायिक, तकनीकी और सेवा क्षेत्र से जुड़े हुनर सिखाए गए। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र और रोजगार की संभावनाएँ प्रदान की गईं। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। यह संस्था निजी एवं सरकारी संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करती है।

स्किल इंडिया मिशन को सफल बनाने में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों का भी अहम योगदान रहा है। कई दशकों से ये संस्थान केवल डिग्री या डिप्लोमा देने तक सीमित थे किंतु अब इन्हें पुनर्जीवित किया जा रहा है ताकि यहाँ से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएँ उद्योग जगत में प्रभावी भूमिका निभा सकें। किंतु केवल योजनाएं बनाना ही पर्याप्त नहीं होता, उनका प्रभाव तभी स्पष्ट होता है जब ज़मीनी स्तर पर उसका असर दिखाई दे। ऐसा ही कुछ स्किल इंडिया मिशन के साथ भी हुआ। जैसे एक ग्रामीण क्षेत्र की महिला से सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब अपने गाँव में 15 महिलाओं को रोज़गार दे रही हैं। एक पुरुष जो पहले पलायन के लिए मजबूर थे, आज एक सफल मोबाइल मरम्मत की दुकान चला रहे हैं। यह उदाहरण न केवल इस अभियान की सफलता के प्रमाण हैं बल्कि इस बात की भी गवाही देते हैं कि जब व्यक्ति को सही संसाधन और दिशा दी जाती है तो वे हर असंभव को संभव बना सकते हैं और हर विपरीत परिस्थिति को अपने पक्ष में कर सकते हैं।

स्किल इंडिया मिशन का प्रभाव केवल व्यक्तिगत जीवन पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी देखा गया है। इस मिशन का दोहरा असर देखने को मिला है — जहाँ एक ओर यह ग्रामीण और शहरी युवाओं के

बीच की दूरी को कम कर रहा है, वहीं यह मिशन महिलाओं को भी आर्थिक सम्मान दिला रहा है। कौशल विकास से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है, जिससे वे न केवल अपने परिवार की, बल्कि समाज में भी योगदान दे रही हैं।

इसके अतिरिक्त इस अभियान ने स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों को भी सशक्त किया है। एक कुशल कार्यबल हमारे देश की आर्थिक नींव बन रहा है। इस मिशन के द्वारा हमारा युवा कार्यबल तकनीकी रूप से सक्षम हो रहा है, जिससे उत्पादन, नवाचार और उद्यमिता में स्वाभाविक रूप से वृद्धि हो रही है।

आज यह भी आवश्यक है कि कौशल विकास के इस अभियान में समाज के सभी वर्गों को समावेशी रूप से जोड़ा जाए, विशेषकर वे युवा जो किसी प्रकार की शारीरिक या मानसिक चुनौती का सामना कर रहे हैं। दिव्यांग युवाओं को प्रशिक्षण केंद्रों तक पहुँचने के लिए विशेष सुविधाएँ, अनुकूल पाठ्यक्रम और संवेदनशील प्रशिक्षक उपलब्ध कराना समय की माँग है। जब तक समाज का हर अंग आत्मनिर्भर नहीं बनता, तब तक आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना अधूरी ही मानी जाएगी। इसके साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाना और स्थानीय भाषाओं में प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना भी अत्यंत आवश्यक है ताकि भाषा या साधनों की कमी बाधा न बने।

भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), डेटा विश्लेषण, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास पर विशेष जोर देने की आवश्यकता होगी, क्योंकि आने वाला समय तकनीकी दक्षता की माँग करेगा। इसके लिए अभी से एक दीर्घकालिक रणनीति बनाई जानी चाहिए, जिसमें विद्यालयों के स्तर से ही व्यावहारिक शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। केवल युवाओं को हुनरमंद बनाना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें ऐसा दृष्टिकोण देना भी आवश्यक है जिससे वे जीवन की समस्याओं को समाधान में बदल सकें। यदि हम आज हर युवा के भीतर यह विश्वास जगा सकें कि उसका ज्ञान और हुनर न केवल उसकी किस्मत बदल सकता है बल्कि देश की दिशा भी तय कर सकता है, तो निःसंदेह भारत कौशल के क्षेत्र में एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनकर उभरेगा।

देखा जाए तो इस मिशन की राह में कम चुनौतियाँ नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती है — प्रशिक्षण की गुणवत्ता। इसके अलावा चुनौतियों में आता है ग्रामीण इलाकों में प्रशिक्षण केंद्रों की कमी, डिजिटल साक्षरता में बाधाएँ और प्रशिक्षण के बाद नौकरी से जोड़ने की प्रक्रिया में धीमापन। इन सभी ने इस अभियान की गति को कुछ हद तक धीमा किया है। साथ ही कई बार युवाओं को नौकरी मिलने में देरी इसलिए भी हो रही है क्योंकि उद्योग और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय की कमी है।

इन चुनौतियों को दूर करने के लिए और अधिक गंभीरता से प्रयास करने की आवश्यकता है। कुछ कदम जो इस मिशन को और प्रभावशाली बना सकते हैं, वे हैं — स्थानीय स्तर पर उद्योगों की माँग के अनुरूप पाठ्यक्रम को तैयार करना, प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों की नियमित निगरानी करना और उद्यमिता एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए ऋण एवं मार्गदर्शन प्रदान करना। यह भी अत्यंत आवश्यक है कि समाज के हर वर्ग को इस अभियान से जोड़ा जाए — विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों, पिछड़े जिलों और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले युवाओं को। उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि वे भी कौशल प्राप्त कर समाज की बराबरी में खड़े हो सकते हैं और देश की प्रगति में एक अहम भूमिका निभा सकते हैं।

आज जब भारत "आत्मनिर्भर भारत" बनने की ओर अग्रसर है तब यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत का हर युवा आत्मनिर्भर तो बने ही, साथ ही दूसरों को भी रोज़गार प्रदान करे। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, मानसिक भी होती है। इस मिशन द्वारा हर युवा में यह मानसिकता आनी चाहिए कि — "मैं कर सकता हूँ, मैं बदल सकता हूँ और मैं निर्माण कर सकता हूँ।" यही स्किल इंडिया मिशन युवाओं में विश्वास पैदा करने का कार्य कर रहा है। अब भारत का समय बदल रहा है। भारत का युवा बदल रहा है। यह सब संभव हो पाया है क्योंकि आज का ग्रामीण युवा स्टार्टअप खड़ा कर रहा है, महिलाएँ सीमाओं को लाँघकर उद्योग की अगुवाई कर रही हैं।

अंततः स्किल इंडिया मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह बदलाव की ओर एक बड़ा कदम है — एक ऐसा कदम जो भारत को एक कुशल, आत्मनिर्भर और गौरवशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा हैं; और यह कदम उठा रहा है- आज के भारत का युवा। इनको जितना अधिक प्रोत्साहन, अवसर और मार्गदर्शन मिलेगा, उतनी ही तेज़ी से देश विकास की दौड़ में अग्रणी होगा। देश के हर युवा को यह समझना होगा कि उसके हाथ में केवल कलम या औजार नहीं है — पूरे देश का भविष्य है। और जब वह अपने भीतर के इस हुनर को पहचान लेगा, तब न केवल वह स्वयं को आगे बढ़ाएगा, बल्कि पूरे भारत को आगे ले जाएगा।

निखिल पांडे
नामली शाखा,
क्षे.का., इन्दौर

रोजगार सृजन में प्रौद्योगिकी की भूमिका

वर्तमान युग प्रौद्योगिकी का युग है और प्रौद्योगिकी ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है — शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार और सम्प्रेषण सभी में इसके प्रभाव से कार्यशैली में क्रांतिकारी बदलाव आया है। जहाँ कुछ पारंपरिक नौकरियाँ तकनीकी बदलाव से समाप्त हुई हैं, वहीं प्रौद्योगिकी ने कई नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न किए हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इंडिया और कॉमन सर्विस सेंटर जैसी योजनाओं ने तकनीक आधारित सेवाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन और स्टार्टअप संस्कृति ने भी तकनीक आधारित नौकरियों को जन्म दिया है। गिग इकॉनॉमी और फ्रीलांसिंग जैसे नए कार्य मॉडल, तकनीक की बदौलत ही संभव हुए हैं, जिनसे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है।

इस प्रकार, यदि युवा समय के साथ अपने कौशल को अपडेट करें और प्रौद्योगिकी को अपनाएँ, तो यह न केवल उनके लिए रोजगार का साधन बनेगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगा।

आज के युग में प्रौद्योगिकी मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। चाहे वह शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन, कृषि या औद्योगिक क्षेत्र, प्रौद्योगिकी ने इन सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए हैं। अक्सर यह धारणा बनी रहती है कि तकनीकी प्रगति के साथ रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं क्योंकि मशीनें मानव श्रम का स्थान ले लेती हैं। तथापि, यह दृष्टिकोण एकपक्षीय है क्योंकि प्रौद्योगिकी जहां एक ओर कुछ पारंपरिक नौकरियों को समाप्त करती है, वहीं दूसरी ओर अनेक नए रोजगार के अवसर भी सृजित करती है।

सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र में रोजगार: सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र ने पिछले दो दशकों में अभूतपूर्व विकास किया है। भारत जैसे विकासशील देशों में यह क्षेत्र लाखों युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ी है।

स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार: प्रौद्योगिकी ने स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा दिया है। आज अनेक युवा उद्यमी तकनीक आधारित स्टार्टअप्स की स्थापना कर रहे हैं जो विभिन्न सेवाओं, जैसे कि ई-कॉमर्स, हेल्थटेक, एग्रीटेक, फिनटेक आदि में नवीन समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। ये स्टार्टअप न केवल नए उत्पाद और सेवाएं लाते हैं, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी हस्तक्षेप और रोजगार: डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों के अंतर्गत ग्रामीण भारत में भी तकनीक की पहुँच बढ़ी है। अब गांवों में इंटरनेट, मोबाइल कनेक्टिविटी और डिजिटल उपकरणों की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और वित्तीय सेवाओं में सुधार आया है। इससे स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा केंद्रों, ई-कॉमर्स डिलीवरी, मोबाइल मरम्मत, ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में काम के अवसर मिले हैं।

कृषि में तकनीकी नवाचार: परंपरागत कृषि में तकनीकी हस्तक्षेप से न केवल उत्पादकता बढ़ी है, बल्कि नए तरह के रोजगार भी उत्पन्न हुए हैं। ड्रोन तकनीक, स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम, मिट्टी परीक्षण उपकरण, कृषि ऐप्स आदि के उपयोग से कृषकों को वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित किया जा रहा है। इन सेवाओं के संचालन, मरम्मत और प्रशिक्षण में भी युवाओं को रोजगार मिला है।

ऑनलाइन शिक्षा और ई-लर्निंग: कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा ने एक नया आयाम प्राप्त किया। तकनीक आधारित ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसे कि बायजूस, अनअकैडमी, वेदांतू आदि ने हजारों शिक्षकों, कंटेंट राइटर्स, वीडियो एडिटर्स और तकनीकी कर्मचारियों को रोजगार दिया है।

गिग इकॉनॉमी और फ्रीलांसिंग: प्रौद्योगिकी के माध्यम से गिग इकॉनॉमी का उदय हुआ है। लोग अब स्वतंत्र रूप से विभिन्न प्लेटफॉर्म्स जैसे कि अपवर्क, फ्रीलैन्सर, फीवर आदि पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इससे पारंपरिक रोजगार ढांचे से हटकर लचीले और आत्मनिर्भर रोजगार के अवसर मिले हैं।

ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स: अमेज़न, फ्लिपकार्ट, मिशो आदि जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ने हजारों लोगों को वितरण, पैकेजिंग, कस्टमर सपोर्ट और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में रोजगार दिया है। छोटे विक्रेताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने उत्पाद बेचने का अवसर मिला है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीकी प्रगति: टेलीमेडिसिन, हेल्थ ऐप्स, ई-फार्मेसी और एआई आधारित डायग्नोस्टिक टूल्स ने चिकित्सा क्षेत्र में नए रोजगार उत्पन्न किए हैं। तकनीकी जानकारों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों के लिए भी नए अवसर सृजित हुए हैं।

डिजिटल मार्केटिंग और कंटेंट निर्माण: सोशल मीडिया, यूट्यूब, ब्लॉगिंग, पॉडकास्टिंग जैसे क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति ने डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग जैसे नए क्षेत्र खोले हैं। यह क्षेत्र युवाओं के लिए एक सशक्त स्वरोजगार का माध्यम बन गया है।

हरित प्रौद्योगिकी और संवहनीय विकास: नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में तकनीकी नवाचार ने नई प्रकार की नौकरियों को जन्म दिया है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन भी संभव हुआ है।

फिनटेक यानी वित्तीय प्रौद्योगिकी का मतलब वित्त से संबंधित कार्य हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग और ऐसे कार्य करने वाली कंपनी को फिनटेक कंपनी कहा जाता है ।

फिनटेक नवोन्मेष के सक्रिय क्षेत्र:

क्रिप्टोकरेंसी और डिजिटल कैश: क्रिप्टोकरंसी एक विकेंद्रीकृत डिजिटल मुद्रा है, जो ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती है और इसका नियंत्रण किसी एक संस्था के पास नहीं होता। यह सुरक्षित, पारदर्शी और नामरहित लेनदेन की सुविधा देती है। डिजिटल कैश पारंपरिक मुद्रा का इलेक्ट्रॉनिक रूप है, जो बैंकों या सरकार द्वारा नियंत्रित होती है। यह ऑनलाइन लेनदेन को तेज और सुविधाजनक बनाती है।

ब्लॉकचेन तकनीक: इसके तहत किसी केंद्रीय बहीखाते की बजाय कंप्यूटर नेटवर्क पर लेन-देन के रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाता है।

स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट: इसके तहत कंप्यूटर प्रोग्राम के माध्यम से (अक्सर ब्लॉकचेन का उपयोग करते हुए) खरीददारों और विक्रेताओं के बीच अनुबंधों को स्वचालित रूप से निष्पादित किया जाता है।

ओपन बैंकिंग: ओपन बैंकिंग एक ऐसी प्रणाली है जिसके तहत बैंक नए एप्लीकेशन और सेवाओं को विकसित करने हेतु तीसरे पक्ष को अपने 'एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस' (एपीआई) की सुविधा प्रदान करते हैं। ओपन बैंकिंग के तहत कार्यरत बैंकों को फिनटेक के साथ प्रतिस्पर्द्धा की बजाय साझेदारी करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

इंश्योर टेक: इसके तहत प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से बीमा उद्योग को सरल और कारगर बनाने का प्रयास किया जाता है।

रेगटेक: रेग टेक, रेगुलेटरी टेक्नोलॉजी यानी विनियामक प्रौद्योगिकी का संक्षिप्त रूप है। इसका उपयोग व्यवसायों को कुशलतापूर्वक और किफायती तरीके से औद्योगिक क्षेत्र के नियमों का पालन करने में सहायता के लिए किया जाता है।

साइबर सुरक्षा: देश में साइबर हमलों के मामलों में वृद्धि और विकेंद्रीकृत डेटा के कारण फिनटेक तथा साइबर सुरक्षा के मुद्दे एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

फिनटेक से जुड़ी संभावनाएँ:

व्यापक वित्तीय समावेशन: वर्तमान में भी देश की एक बड़ी आबादी औपचारिक वित्तीय प्रणाली के दायरे से बाहर है। वित्तीय प्रौद्योगिकियों के प्रयोग के माध्यम से पारंपरिक वित्तीय और बैंकिंग मॉडल में वित्तीय समावेशन से जुड़ी चुनौतियों को दूर किया जा सकता है। व्यापक वित्तीय समावेशन करना बहुत जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र को भी वित्तीय सहायता प्रदान करना आवश्यक है। क्योंकि वर्तमान में देश में सक्रिय 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों' के अस्तित्व के लिए पूंजी का अभाव सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। बहरहाल, कई फिनटेक स्टार्टअप द्वारा आसान और त्वरित ऋण उपलब्ध कराए जाने पर एमएसएमई को कई बार बैंक जाने और जटिल कागज़ी प्रक्रिया से राहत मिल सकेगी।

ग्राहक अनुभव और पारदर्शिता में सुधार: फिनटेक स्टार्टअप सहूलियत, पारदर्शिता, व्यक्तिगत , और व्यापक पहुँच तथा उपयोग में सुलभता जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएँ प्रदान करते हैं, जो ग्राहकों को सशक्त बनाने में सहायता करते हैं। ग्राहक अनुभव और पारदर्शिता में सुधार भी बहुत जरूरी है। ऐसा इसलिए कि फिनटेक स्टार्टअप सहूलियत, पारदर्शिता, व्यक्तिगत और व्यापक पहुँच तथा उपयोग में सुलभता जैसी महत्त्वपूर्ण सुविधाएँ प्रदान करते हैं, जो ग्राहकों को सशक्त बनाने में सहायता करते हैं। यही वजह है कि फिनटेक उद्योग द्वारा जोखिमों के आकलन के लिए अद्वितीय और नवीन मॉडल का विकास किया जाएगा, जिसके तहत बिग डेटा, मशीन लर्निंग, ऋण जोखिम के निर्धारण हेतु वैकल्पिक डेटा का लाभ उठाकर और सीमित क्रेडिट इतिहास वाले ग्राहकों के लिए क्रेडिट स्कोर विकसित कर देश में वित्तीय सेवाओं की पहुँच में सुधार लाने में सहायता प्राप्त होगी।

फिनटेक उद्योग द्वारा जोखिमों के आकलन के लिये अद्वितीय और नवीन मॉडल का विकास किया जाएगा।

बिग डेटा, मशीन लर्निंग, ऋण जोखिम के निर्धारण हेतु वैकल्पिक डेटा का लाभ उठाकर और सीमित क्रेडिट इतिहास वाले ग्राहकों के लिये क्रेडिट स्कोर विकसित कर देश में वित्तीय सेवाओं की पहुँच में सुधार लाने में सहायता प्राप्त होगी।

प्रौद्योगिकी का विकास एक ओर जहां कुछ पारंपरिक नौकरियों को अप्रासंगिक बना देता है, वहीं दूसरी ओर यह नवीन क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार भी खोलता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय के साथ स्वयं को भी तकनीकी रूप से दक्ष बनाएं। शिक्षा व्यवस्था में तकनीकी कौशल को शामिल करना, युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना और सरकारी नीतियों को इस दिशा में सुदृढ़ बनाना आवश्यक है। इस प्रकार प्रौद्योगिकी को एक खतरे की बजाय एक अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, जो समाज के समग्र विकास में सहायक हो सकती है।

रमेश कुमार
आर.एल.पी., रायपुर

जलवायु परिवर्तन और कृषि नवाचार: भारत की कृषि का भविष्य

वर्षों से जारी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण भारत में औसत तापमान में वृद्धि देखी गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के राष्ट्रीय मूल्यांकन के अनुसार वर्ष 1901–2018 की अवधि में भारत का औसत तापमान लगभग 0.7°C बढ़ चुका है। साथ ही, समुद्री सतह तापमान में भी वृद्धि हुई है। इस वैश्विक तापमान वृद्धि के प्रभाव स्वरूप भारतीय मानसून अस्थिर हुआ है और अत्यधिक मौसमीय घटनाएँ बढ़ी हैं। इन मौसमीय घटनाओं का प्रभाव प्रत्यक्ष है। हाल ही में किए गए अध्ययन में पाया गया कि जनवरी-सितंबर 2024 के दौरान लगभग प्रत्येक दिन भारत के किसी न किसी हिस्से में अतिवृष्टि, सूखा या अन्य बड़ी मौसमी घटनाएँ दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं की वजह से वर्ष 2024 तक कुल 32 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई तथा लगभग 10 हजार पशुओं की मृत्यु हुई। यह आंकड़े देश में बढ़ते जलवायु-जोखिम की गंभीरता को दर्शाते हैं।

मॉनसून में भी मौसमी बदलाव दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून की समय-सीमा और वितरण अस्थिर हो गया है। उदाहरणार्थ, जून 2023 में मॉनसून के देर से शुरू होने और अल नीनो प्रभाव जैसी वैश्विक घटनाओं के कारण कई क्षेत्रों में जलवायु असंतुलन बना रहा। बरसात का समय पहले या बाद में आना, अत्यधिक बारिश के बाद अचानक सूखा पड़ना जैसी स्थितियां कृषि के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। इन सभी परिवर्तनों का परिणाम हिमालय और आसपास के मैदानों में जलस्रोतों की कमी, भूजल संकट एवं सिंचाई संकट के रूप में सामने आ रहा है।

कृषि पर प्रभाव:

जलवायु परिवर्तन की इन तमाम चुनौतियों का सबसे सीधा असर कृषि पर पड़ रहा है। तापमान वृद्धि और असामान्य वर्षा से प्रमुख फसलों की उत्पादकता घटने लगी है। आईसीएआर की रिपोर्ट (एनआईसीआरए) के मुताबिक यदि अनुकूलन उपायों को न अपनाया गया तो वर्षा पर निर्भर धान की पैदावार 2050 तक 20% और 2080 तक 47% तक घटने की आशंका है। सिंचित धान में अपेक्षाकृत कम गिरावट (2050 में 3.5%, 2080 में 5%) का अनुमान है। गेहूं की पैदावार पर भी गहरा असर पड़ेगा – 2050 तक अनुमानित 19.3% और 2080 तक 40% तक की गिरावट का आकलन है। इसी तरह, खरीफ मक्का की पैदावार 2050-2080 में लगभग 18-23% तक घटने का अनुमान है। इन गिरावटों के कारण खाद्यान्न की कुल आपूर्ति प्रभावित होगी और किसानों की आय पर गंभीर दबाव पड़ेगा।

नवीनतम आकलनों के अनुसार भारत के प्रमुख धान और गेहूं उत्पादन में 6-10% तक की कमी हो सकती है। यह चिंताजनक इसलिए है क्योंकि भारत की लगभग 80% जनसंख्या सब्सिडी वाले अनाजों पर निर्भर करती है। 2023-24 में भारत ने 113.29 मिलियन टन गेहूं और 137 मिलियन टन धान की फसल ली थी, जो 14 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है। यदि जलवायु परिवर्तन के कारण इन प्रमुख फसलों का उत्पादन गिरता है, तो घरेलू खाद्यान्न सुरक्षा पर संकट गहरा जाएगा।

कृषि नवाचारों की भूमिका:

जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने में कृषि नवाचारों की अहम भूमिका है। इन नवाचारों के अंतर्गत कई क्षेत्र शामिल हैं, जिनमें प्रमुख हैं:

- **जलवायु-प्रतिरोधी फसलों का विकास:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तहत राष्ट्रीय जलवायु-प्रतिरोधी कृषि (एनआईसीआरए) परियोजना ने सूखा/बाढ़ सहिष्णु किस्मों पर काम किया है। वर्ष 2014 से अब तक 1,888 से अधिक ऐसी जलवायु-प्रतिरोधी फ़सलों की किस्में विकसित की जा चुकी हैं, इनमें सूखा सहिष्णु धान, बाढ़-प्रतिरोधी गेहूं, चना-ज्वार की सूखा-प्रतिकारक किस्में आदि शामिल हैं। इन्हें खेत में उपलब्ध कराने से चरम मौसम में भी फसल उगाने की क्षमता बढ़ती है।
- **स्मार्ट कृषि (एआई, आईओटी, सैटेलाइट डेटा आदि):** कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटलीकरण आधारित तकनीकों का उपयोग खेती को अधिक कुशल और लचीला बना रहा है। उदाहरण के लिए, सरकार ने किसान ई-मित्र नामक बहुभाषी एआई-चैटबोट विकसित किया है, जो किसानों को प्रधानमंत्री योजनाओं की जानकारी देता है। इसी तरह आईसीएआर ने आईओटी आधारित सिंचाई सिस्टम विकसित किए हैं जो मिट्टी और मौसम डेटा के आधार पर स्वचालित जल प्रबंधन करते हैं। निजी क्षेत्र में स्टार्टअप्स ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है: बेंगलुरु की कंपनी क्रोपिन, उपग्रह छवियों और मौसम विश्लेषण का उपयोग कर किसानों को परिशुद्ध कृषि की सलाह देती है।
- **टिकाऊ सिंचाई तकनीक:** जल संरक्षण के लिए सूक्ष्म सिंचाई विधियाँ जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुए हैं। भारत की प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" इसके तहत माइक्रो-इरिगेशन

को बढ़ावा देती है। उदाहरणस्वरूप, इज़राइल की अग्रणी कंपनी नेटाफिम द्वारा विकसित ड्रिप इरिगेशन तकनीक से फसल की जड़ तक सीधे पानी पहुँचाने पर 50-70% तक जल की बचत हो सकती है। महाराष्ट्र में इस तकनीक का प्रयोग करने वाले गन्ना किसान पानी की खपत में 40% तक की कमी और उत्पादन में 20% तक की वृद्धि की सूचना देते हैं।

- **कार्बन फुटप्रिंट कम करने वाले उपाय:** कृषि में उत्सर्जन को कम करने के लिए कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन और टिकाऊ प्रणालियाँ लागू की जा रही हैं। भारत में कृषि-वनरोपण और मैंग्रोव आधारित कार्बन परियोजनाओं को बढ़ावा मिल रहा है। इससे ग्रामीण आमदनी बढ़ने के साथ कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आती है। साथ ही, मिट्टी संरक्षण, जैविक खेती और जैविक उर्वरक जैसे उपायों से नाइट्रस ऑक्साइड और मीथेन उत्सर्जन को नियंत्रित करने का प्रयास हो रहा है।
- **सटीक कृषि (प्रिसिशन फार्मिंग):** जीपीएस, सेंसर और ड्रोन जैसी तकनीकों से अब खेतों की सूक्ष्म मॉनिटरिंग हो रही है। पानी, उर्वरक और कीटनाशक का खपत वांछित मात्रा तक नियंत्रित करने से लागत घटती है। हाल ही में किए गए आकलन के अनुसार कृषि क्षेत्र में एआई-आधारित सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है; वर्ष 2023 में भारतीय एआई-खेती बाज़ार का आकार $1.7 बिलियन था और यह 2028 तक $4.7 बिलियन तक पहुँचने की संभावना है, सीएजीआर 23% ।

इन सभी नवाचारों ने कृषि उत्पादन को अधिक लचीला और संसाधनों के प्रति संजीदा बनाया है। तेलंगाना में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की पहल में एआई-चालित मिट्टी की जाँच और डिजिटल मार्केटप्लेस के प्रयोग से मिर्च किसानों की पैदावार में 21% की वृद्धि हुई और बिक्री मूल्य 8% तक बढ़ गया। इस प्रकार के सफल प्रयोग दर्शाते हैं कि नवाचार भारतीय कृषि में तेजी से सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

नवाचारों को अपनाने की वर्तमान स्थिति और चुनौतियाँ:

भारत में कई नवाचारी प्रयास शुरू हो चुके हैं पर इनके समुचित विस्तार में चुनौतियाँ भी हैं। देश के कृषि अनुसंधान संस्थान और कृषि विश्वविद्यालय नई प्रौद्योगिकियाँ विकसित कर रहे हैं, लेकिन उनका तेजी से प्रसार सामाजिक-आर्थिक बाधाओं के कारण रुक जाता है। सबसे बड़ी बाधा छोटे एवं मझोले किसानों की वित्तीय स्थिति है। अधिकांश कृषक 2 हेक्टेयर से कम जमीन पर खेती करते हैं, उनकी आय सीमित है और नवोन्मेष को अपनाने का जोखिम वहन कर पाना उनके लिए मुश्किल है।

तकनीकी अवसंरचना की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ग्रामीण इलाकों में बिजली-अक्षमता, इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी और डिजिटल साक्षरता में अंतर से किसानों को आधुनिक तकनीक सीखने में कठिनाई होती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है कि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में समन्वित प्रयास हों। संक्षेप में कहा जाए तो: तकनीकी अवसंरचना को मजबूत करना, ऋण समर्थन और बीमा योजनाओं का विस्तार करना, तथा किसानों की जागरूकता बढ़ाना और प्रशिक्षण प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारत सरकार की योजनाएँ

सरकार ने कृषि सेक्टर में जलवायु जोखिम को कम करने और नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं:

- **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना "पर ड्रॉप मोर क्रॉप":** यह योजना खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित है। ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा देने से छोटी-छोटी जल स्रोतों से भी पर्याप्त सिंचाई संभव हो रही है। पीएमकेएसवाई के तहत अब तक लाखों हेक्टेयर भूमि पर माइक्रो-इरिगेशन सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे किसानों की पैदावार और आय दोनों में सुधार हुआ है।
- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना:** यह व्यापक बीमा कवरेज प्रदान कर किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाती है। पीएमएफबीवाई के तहत धान, गेहूं सहित लगभग सभी खाद्यान्न, तेलहन और व्यावसायिक फसलों का बीमा किया जाता है। इसका उद्देश्य किसानों की आय को स्थिर रखना और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के प्रति प्रोत्साहित करना है।
- **राष्ट्रीय संवहनीय कृषि मिशन एवं एनआईसीआरए:** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना की एक प्रमुख मुहिम है, जिसका लक्ष्य कृषि को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाना है। इसी कड़ी में 2011 में एनआईसीआरए परियोजना शुरू की गई, जिसके तहत सूखा, बाढ़, गर्मी जैसी स्थितियों से निपटने के लिए नयी तकनीक और किस्में विकसित की जा रही हैं। पिछले वर्षों में इनका कई संवेदनशील जिलों में सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया है।

कृषि वित्तीय समर्थन और बैंकिंग की भूमिका:

जलवायु-स्मार्ट कृषि के प्रसार में वित्तीय संस्थाओं का भी विशेष योगदान हो सकता है। वर्तमान में निजी क्षेत्र का कृषि में निवेश काफी हद तक जोखिमपूर्ण समझा जाता है। शोध बताते हैं कि कृषि एवं उद्योग को जीरो कार्बन बनाने के लिए अलग-अलग वित्तीय तंत्र चाहिए, क्योंकि कृषि को अक्सर "अस्तित्व के लिए उत्सर्जन" (सर्वाइवल एमिशन) माना गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा एवं परिवहन के बाद कृषि भारत में दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक क्षेत्र है (लगभग 14.5%) लेकिन

निजी जलवायु फंडिंग में इसकी हिस्सेदारी 4% से भी कम है। बैंक एवं वित्तीय संस्थाएँ जलवायु-स्मार्ट कृषि को अक्सर जोखिम भरा मानती हैं। इससे किसानों को कर्ज प्राप्ति में कठिनाई होती है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि नाबार्ड और सिडबी जैसे विकास बैंक को जलवायु हितैषी विशेष क्रेडिट स्कीम और ऋण योजनाएँ स्थापित करनी चाहिए। इनसे किसानों को लघु अवधि के ऋण सब्सिडी और गारंटी मिल सकेगी।

सुझाव और नीतिगत सिफारिशें:

भारत की कृषि को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं:

1. **नीतिगत कदम:** कृषि नीति में जलवायु-स्मार्ट दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जाए। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि नीति में अनुकूलन रणनीतियाँ शामिल करनी चाहिए, जैसे सूखा-प्रवण क्षेत्रों में कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहन देना, जलवायु जोखिम आधारित न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली विकसित करना, और कृषि अनुसंधान को जलवायु केन्द्रित करना।
2. **वित्तीय उपाय:** कृषि नवाचारों को सब्सिडी एवं कर्ज़ सुविधा देने से तेजी से अपनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, ड्रिप इरिगेशन लगाने पर अधिक सब्सिडी, सौर ऊर्जा से चलने वाले पम्पों पर छूट, या कार्बन क्रेडिट के रूप में किसानों को इनाम। विकास बैंक (नाबार्ड, एसआईडीबीआई) और वाणिज्यिक बैंक मिलकर हरित कृषि ऋण के विशेष कोष बनाएँ, जिसमें आसान चुकौती शर्तें हों।
3. **शैक्षिक/प्रशिक्षण:** किसानों को नई तकनीक और जलवायु परिवर्तन के विषय में शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र तथा किसानों के सहयोगी समूहों के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना आदि।
4. **अनुसंधान एवं विकास:** जलवायु-हितैषी कृषि प्रौद्योगिकी के अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाया जाए। इसमें सिंचाई के नए तरीकों के साथ-साथ एकाधिक फसल आधारित तकनीकें, जलवायु-प्रतिरोधी बीज, जैविक उर्वरक आदि शामिल हैं। सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से नवोन्मेष केंद्र स्थापित कर अंतरराष्ट्रीय सहयोग (जैसे नासा, आईएसआरओ, सीजीआईएआर) को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

इन उपायों से कृषि क्षेत्र में नवाचारों को अपनाने की गति बढ़ेगी और भारत की कृषि दीर्घकालीन रूप से अनुकूल एवं विकासशील बनेगी। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ असमय नहीं रुकेंगी, लेकिन उचित नीतिगत, वित्तीय और शैक्षिक हस्तक्षेप से भारत अपनी कृषि को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकता है।

बृजेश कुमार शुक्ला
यू.एल.ए, हैदराबाद

विकसित भारत

ग्राम विकसित, शहर विकसित,
विकसित हो जब हर नर नारी,
तब ही बनता देश अग्रणी,
और तभी जागती आशा सारी।

सबका सपना हो साकार,
तभी लेगा विकसित भारत आकार,
शिक्षा विज्ञान और उन्नति,
हर कोना हो सृजन धार।

नारी शक्ति को बनाए आधार,
हर माँ बेटी को मिले अधिकार,
गो ग्रीन से स्वच्छ हो पर्यावरण हमारा,
हरा भरा हो आसपास हर किनारा।

सद्भाव शांति सच्चाई का पाठ,
विकसित भारत का हो यही रथ,
जन-जन का हो योगदान,
तब होगा साकार स्वप्न महान।

जब खुद जागोगे, देश जागेगा,
हर कोना रोशन हो जाएगा,
आम नागरिक जब बदल जाएगा,
तभी भारत विकसित देश कहलाएगा।

उपासना सिरसैया
क्षे.का., बड़ौदा

साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता का महत्व

बैंकिंग क्षेत्र में डिजिटल क्रांति ने हमारे काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। ऑनलाइन लेनदेन, मोबाइल बैंकिंग और डिजिटल भुगतान ने ग्राहकों के लिए सुविधा बढ़ाई है और हमारे संचालन को अधिक कुशल बनाया है। यह परिवर्तन केवल तकनीकी उन्नयन नहीं है, बल्कि हमारे ग्राहकों और स्वयं हमारे लिए एक नए, अधिक जुड़े हुए भविष्य का मार्ग है। यह डिजिटल परिवर्तन अत्यधिक लाभ प्रदान करता है, लेकिन इसके साथ ही नए जोखिम भी आते हैं।

साइबर सुरक्षा का अर्थ है प्रौद्योगिकियों, प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का उपयोग करके सिस्टम, नेटवर्क, प्रोग्राम, डिवाइस और डेटा को साइबर हमलों से बचाना। इसका लक्ष्य साइबर हमलों के जोखिम को कम करना और सिस्टम, नेटवर्क और प्रौद्योगिकियों के अनधिकृत शोषण से बचाव करना है ।

मुख्य सिद्धांत (सीआईए ट्रायड):

- **गोपनीयता:** संवेदनशील जानकारी को निजी रखना, एन्क्रिप्शन और एक्सेस कंट्रोल जैसे उपकरणों का उपयोग करके यह सुनिश्चित करना कि डेटा केवल उन्हीं लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी आवश्यकता है ।
- **अखंडता:** यह सुनिश्चित करना कि डेटा के साथ छेड़छाड़ नहीं की गई है। सिस्टम को अपने पूरे जीवनचक्र में जानकारी की सटीकता और पूर्णता बनाए रखनी चाहिए ।
- **उपलब्धता:** यह सुनिश्चित करना कि सिस्टम और डेटा अधिकृत उपयोगकर्ताओं के लिए आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध रहें, साथ ही साइबर हमलों जैसी बाधाओं से बचाव हो ।

बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ते साइबर खतरे: प्रकार और प्रभाव:

सामान्य साइबर खतरे और उनसे बचाव के तरीके

खतरा:- फ़िशिंग/विशिंग/स्मिशिंग

संक्षिप्त विवरण - नकली ईमेल/एसएमएस/कॉल के माध्यम से व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी चुराने का प्रयास।

By staying informed and alert, we can turn the tables on fraudsters and ensure the only thing getting scammed is their time.

Stay safe, stay sceptical and remember—when in doubt, just laugh it off and hang up!

Manish Lamba
R.O., Karnal

हमें गर्व है

दिनांक 09.05.2025 को वंदना डांस अकादमी, तड़ीपत्री, आंध्र प्रदेश 12,078 फीट की ऊंचाई पर स्थित तुंगनाथ मंदिर में आयोजित कुचिपुडी शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शनी में सुश्री नागानंदी हरिप्रिया सुपुत्री श्री एन मधु, शाखा प्रमुख, रैतुनगरम शाखा, क्षे.का., कर्नूल ने 13 अन्य छात्राओं सहित भाग लिया और "उच्चतम स्थल पर सर्वाधिक छात्रों द्वारा कुचिपुड़ी नृत्य" का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अवसर पर श्री एस अब्दुल नजीर, राज्यपाल, आंध्र प्रदेश ने 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया।

सुश्री ऋषवार्षिनी सुपुत्री श्री नागेश्वर राव, अहोबिलम शाखा, क्षे.का., कर्नूल का चयन रायलसीमा की ज़ोनल क्रिकेट टीम में हुआ।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा इंडियन बैंक असोशिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित केस स्टडी लेखन प्रतियोगिता 2025 में श्री सी चन्द्रशेखर, मुख्य प्रबन्धक, वरंगल विजेता रहे। दिनांक 25.04.2025 को आयोजित आईबीए एचआर कॉन्क्लेव में उन्हें सम्मानित किया गया।

विशेष साक्षात्कार

सुश्री आयुषी, आईएएस

"एक माटी का दिया है, जो सारी रात अंधियारे से लड़ता है
तू तो भगवान का दिया है, तू किस बात से डरता है
हथेली पर रखकर नसीब, तू क्यों अपना मुक्कद्दर ढूँढता है
सीख उस समंदर से, जो टकराने के लिए पत्थर ढूँढता है"

इन पंक्तियों की तरह ही शुरू होती है सुश्री आयुषी की कहानी जो जन्म से दृष्टिबाधित होते हुए भी दृढ़ निश्चयी, स्वाभिमानी, साहसी और कर्मठ हैं. आपने मुश्किलों को केवल हराना ही सीखा है. कहते है न डर सिर्फ मन का होता है, और जो उस डर से आगे निकल जाए, जमाना उसका होता है। उसी डर को पार करते हुए आपने न केवल 2 बार सरकारी शिक्षक के रूप में चयनित हुई, अपितु आज आईएएस अधिकारी के तौर पर पदस्थ है। जन्म से दृष्टि दिव्याङ्ग होने के बावजूद, माता-पिता के अथक प्रयासों और लगन के कारण आज आपने अपनी एक अलग पहचान कायम कर ली है। आइए खुद आयुषी जी से ही जानते है उनकी यात्रा के बारे में:

1. अपने बचपन और परिवार के बारे में कुछ बताएं?

नमस्ते मेरा नाम आयुषी है, वर्तमान में मैं एसडीएम कझावला के तौर पर कार्यरत हूँ। सिविल सर्विसेस 2021 में 48 रैंक के साथ मेरा चयन हुआ और मेरी नियुक्ति एक आईएएस अधिकारी के रूप में हुई। मैंने कक्षा 1 से 12वीं तक की शिक्षा एक सामान्य स्कूल से, सामान्य बच्चों के साथ रहकर प्राप्त की। मेरे जो दोस्त, शिक्षक और परिवार के सदस्य थे, वे सब मुझे किताबें पढ़कर सुनाते थे और मैं उन्हें याद करती थी। मैंने सामान्य बच्चों की तरह हिन्दी, इंग्लिश और रोमन में लिखना भी सीखा था। मैं चेस, लूडो, कैरम भी खेला करती थी। मेरे या मेरे भाई के जन्मदिन पर हम लोग ऐतिहासिक इमारतों को देखने जाते थे, जहां मैं उन्हें छू कर महसूस करती थी। तो इस तरह मेरा बचपन सामान्य बच्चों की तरह ही मिला जुला था। मेरी माँ की चिंता का विषय हमेशा यही रहा कि एक तो मैं दिव्यांग हूँ साथ ही लड़की भी, तो उनकी यही इच्छा थी कि मैं अपनी पैरों पर खड़ी हो जाऊँ।

2. आपको आईएएस बनने की प्रेरणा कैसे मिली

आईएएस अधिकारी बनने की यात्रा बचपन से ही शुरू हो गई थी। मेरी माँ मेरी पथ प्रदर्शक हैं वह भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के तौर पर कार्यरत थी। 2020 में उन्होंने मेरे लिए वीआरएस ले ली। वह मुझे आईएएस अधिकारी के रूप में देखना चाहती थी। मेरे जन्म के बाद जब उन्हें पता चला कि मैं देख नहीं सकती, यह बात उनके लिए बहुत दुखदाई थी, फिर भी उन्होंने इस सपने को साकार करने के लिए मुहिम किया। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानती हूँ कि ग्रामीण क्षेत्र में रहते हुए भी मेरी माँ ने मेरा भरपूर साथ दिया। मेरी माँ का सपना था कि मैं आईएएस अधिकारी बनूँ। सबसे पहले उनका सपना था कि मैं आत्मनिर्भर हो जाऊ। मेरा बचपन से सपना एक शिक्षक बनने का था, और मुझे खुद पर उतना विश्वास भी नहीं था कि मैं कर पाऊँगी, लेकिन मेरी माँ का ही विश्वास और भगवान के आशीर्वाद और सभी के साथ से यह संभव हो पाया।

3. प्राथमिक विद्यालय से राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी तक आपकी यात्रा के बारे में बताएं?

2009 में 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद मेरिट के आधार पर मेरा चयन DIET केशवपुरम में हुआ था. 2011 में कोर्स पूरा करने के बाद, मैंने 2012 में प्राथमिक शिक्षक के तौर पर एमसीडी स्कूल में, अनुबंध पर कार्य करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही मैंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)से 2014 में स्नातक की डिग्री पूरी की। उसके बाद इग्नू से एम.ए. इतिहास में एडमिशन लिया। इसी दौरान 2016 में मेरा चयन डीएसएसएसबी में स्थायी तौर पर हो गया। उसके बाद 2019 में मैंने जामिया मिलिया इस्लामिया युनिवर्सिटी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी बी.एड की शिक्षा पूरी की। उसके बाद मैं डीएसएसएसबी में इतिहास की प्रवक्ता के तौर पर नियुक्त हो गई। इस परीक्षा में दिल्ली में मेरा प्रथम स्थान रहा। 2016 से मेरी सभी चीजें साथ-साथ चल रही थी, मेरी नौकरी, बीएड और यूपीएससी की तैयारी।2015-16 में मैंने जब यूपीएससी की तैयारी प्रारम्भ की उस समय मेरा पूरा परिवार मेरे लिए सम्पूर्ण सामग्री को रिकॉर्ड करता था। मैं उसे बार-बार सुनकर और ब्रेल पर लिखकर याद करती थी। उसके बाद ही स्मार्ट फोन, लैपटाप और तकनीक से मैंने अपनी पढ़ाई करनी शुरू की। मेरी हर दिशा का चयन मेरी माँ द्वारा किया गया और मैंने उस दिशा पर चलकर अपने सपने पूरे किए।

4. आप किसे अपना आदर्श मानती है?

डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानती हूँ। मुझे इस कुर्सी पर बैठते ही उनके और गांधी जी के आदर्श याद आते है कि हमें अपने समाज के लिए कुछ करना चाहिए। हम आज ऐसी स्थिति में जहां हम किसी जरूरतमन्द की सहायता कर सकते है, तो हमें वे कार्य करने चाहिए। साथ ही हमें ट्रेनिंग के समय यह सिखाया भी गया था कि आने वाली कोई भी फ़ाइल, सिर्फ फ़ाइल नहीं होती, वह किसी की पूरी जिंदगी होती है। तो हम इन छोटे-छोटे माध्यमों से किसी की ज़िंदगी बदल सकते है।

5. आईएएस बनने से पूर्व आपने एक अध्यापिका के रूप में कार्य किया है। कैसा था आपका वह अनुभव?

शिक्षक के रूप में मेरा अनुभव बहुत अच्छा था. प्राथमिक शिक्षक के तौर पर मैंने पहली कक्षा के छोटे बच्चों को गोद में बैठाकर पढ़ना लिखना सिखाया था. बच्चों के साथ खाना, खेलना, बाहर जाना, इससे उनका मेरे साथ बहुत गहरा लगाव भी हो गया था। फिर जब मैंने प्रवक्ता के रूप में कार्य शुरू किया वह अलग अनुभव था, जहां 11-12वीं के बच्चों के साथ उनके दोस्त की तरह व्यवहार करना होता था। अपनी कक्षा में मैं बच्चों को इतिहास याद करवाने के लिए संगीत का सहारा भी लेती थी, उन्हें संगीत में ट्रिक बनवाकर याद करवाती थी, जोकि उनके लिए एक अलग अनुभव होता था और मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानती हूँ कि मेरे 3 साल के अनुभव में मेरी क्लास का परिणाम सबसे अच्छा आता था। मैं बच्चों को खुदसे सीखने पर बल देती थी, ताकि उन्हें चीजें याद हो सकें।

6. आपकी व्यावसायिक उपलब्धियों के बारे में बताएं।

शिक्षक के तौर पर मेरा हमेशा 100% परिणाम रहा, आधी से ज्यादा क्लास के बच्चों की डिस्टिंशन आती थी। जब मैं प्राथमिक शिक्षक थी तो बेस्ट टीचर का अवार्ड भी मिला था। मुझे प्रशिक्षण के दौरान गोवा आवंटित हुआ था। मैंने एक साल वहाँ विभिन्न विभागों में रहकर काम सीखा जैसे:- शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग आदि। वहाँ मुझे एक-एक महीने के लिए तहसीलदार/ ममिलदार, सब डिविजन मजिस्ट्रेट आदि के पद पर रहकर काम करने का अनुभव मिला। उसके बाद मुझे 17 देशों के विशिष्ट लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों और उपलब्धियां के संबंध में आयोजित पर्पल फेस्टिवल के लिए अंतरराष्ट्रीय नोडल अधिकारी के रूप में चयनित किया गया। वहाँ विभिन्न कार्यक्रमों जैसे 150 से अधिक फिल्म, व्हीलचेयर बास्केट बॉल, दृष्टिहीन लोगों के लिए क्रिकेट, बीच वॉलीबाल जैसी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया था। जब हमारे माननीय राष्ट्रपति महोदय गोवा आए थे तब मुझे राजभवन का वेन्यू कमांडर बनाया गया था। एसडीएम के तौर पर मैंने गोवा में राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह की अगुवाई की। इन सभी कार्यों के लिए मुझे गोवा के माननीय गवर्नर के हाथों प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। अपने बैच में मैं अकेली थी जिसे गवर्नर के हाथों से प्रशस्ति पत्र और गोल्ड मेडल मिला हो। सबसे अच्छी बात यह है कि मैं अध्ययन दौरे पर कैडर दर्शन के लिए कश्मीर में गई थी तो मेरा अवार्ड मेरी माँ ने प्राप्त किया। मैं यहाँ सितम्बर 2024 से हूँ, यहाँ मैं स्वास्थ्य, राष्ट्रीय शहरी आजीविका, जिला बैंकिंग कमेटी, शिक्षा के लिए नोडल अधिकारी के तौर पर विभिन्न क्षेत्रों को देख रही हूँ। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर विस्थापितों एवं 1984 के दंगा पीड़ितों के लिए भी राहत कार्य के साथ अलग-अलग कार्य देखती हूँ। इन सभी के अलावा मैंने लीड भूमिका में दिसम्बर में कार्निवल का आयोजन किया जिसके अंतर्गत वोटर को जागरूक करने के साथ ही सेल्फ ग्रुप के स्टॉल, बैंक के स्टॉल लगाकर लोगों को वित्तीय जागरूकता प्रदान की गई।

7. क्या आपकी यात्रा के अविस्मरणीय पल हमारे पाठकों के साथ साझा करेंगी?

हमारे प्रशिक्षण के दौरान हमें 45 दिनों की भारत यात्रा पर ले जाया गया था जोकि अविस्मरणीय अनुभव रहा। हमें 20-20 अधिकारियों के विभिन्न ग्रुप में बांट दिया गया था और फिर एक-एक ग्रुप को 45 दिनों के लिए अलग अलग रूटों पर भेजा जाता है। मेरा जो रूट था वह कश्मीर के कुपवाड़ा से शुरू हुआ था। विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के साथ हमने कार्य का अनुभव लिया। यह एक तरह का शिक्षण दौरा था। दौरे के दौरान ही हमारे माननीय राष्ट्रपति महोदय ने गणतन्त्र दिवस पर मुझे कुछ चयनित अधिकारियों के साथ चाय के लिए आमंत्रित किया था। तो मैंने इस दौरे के बीच में ही अनुमति लेकर राष्ट्रपति महोदय से मुलाक़ात की। मेरे पूरे प्रशिक्षण के दौरान मुझे काफी एक्सपोजर मिला खास कर, तत्कालीन राष्ट्रपति महोदय श्री राम नाथ कोविद जी से मिलने का मौका मिला। चार बार व्यक्तिगत तौर पर हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से विभिन्न जगह पर मिलने का मौका मिला, यह ऐसी सर्विस है। जिसमें मुझे श्रमिकों से लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तक से मिलने का मौका मिला। हमने यह महसूस किया कि कैसे हमारा देश आगे बढ़ रहा है और इस मुहिम में कौन, कितना और कैसे अपना योगदान दे रहा है।

8. आपकी हॉबी क्या हैं?

मुझे चेस खेलना, किताबें पढ़ना, गाने सुनना बहुत पसंद है. कभी कभी अपनी खुशी के लिए और अपने दोस्तों के लिए गाना गाना भी पसंद करती हूँ। मैं उन्हें अपने रिकॉर्ड किए गाने भी भेजती हूँ।

9. हमारे पाठकों के लिए कोई संदेश देना चाहेंगे ?

मेरा यही संदेश है कि जीवन में हमेशा सकारात्मक रहें, अपनी शक्ति पहचानें। आपको आगे बढ़ाने वाले लोगों की बाते सुने न कि पीछे खींचने वालों की। नकारात्मक्ता को अपने ऊपर हावी मत होने दो। अपने ऊपर विश्वास रखें और जीवन में एक लक्ष्य हमेशा रखें। जो आपको हमेशा आगे बढ़ने की ऊर्जा देती रहेगी। अपनी सीमा को पहचान कर अपना गोल सेट करें। अपने ऊपर रिऐलिटि चेक कर सके। मैं अंत में अपने पाठकों को "तीन C" का संदेश देना चहुंगी – courage, confidence, Care। निर्णय लेने का जज्बा जरूर रखे, आत्मविश्वास रखें और अपना ध्यान रखें। खास कर महिलाएं, जिन्हें अपने साथ पूरी दुनिया का ध्यान रखना पड़ता है।

उषा
क्षे.का., दिल्ली (उ)

सीएसआर गतिविधियां

दिनांक 11.04.2025 को अंचल कार्यालय, पटना की सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ने महावीर कैंसर संस्थान, फुलवारीशरीफ़, पटना को रु 2.0 करोड़ रुपए की राशि प्रदान किया। इस अवसर पर महावीर मंदिर परिसर का दौरा करते हुए सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ।

दिनांक 12.05.2025 को अंचल कार्यालय, पटना की सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत अजय कुमार सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, केंका ने स्थानीय इस्कॉन मंदिर परिसर में हेतु वाटर कूलर प्रदान किया। इस अवसर पर श्री गुना नंद गामी, अंचल प्रमुख उपस्थित रहे।

दिनांक 14.04.2025 को अंचल कार्यालय, विशाखपट्टणम तथा क्षेत्रीय कार्यालय, विशाखपट्टणम की डॉ बीआर अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत मनकुटुंबम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं गुरुकुलम संस्थाओं को एसी यूनिट, इनवर्टर व अन्य जरूरत के समान दिए गए। इस अवसर पर श्रीमती शालिनी मेनन, अंचल प्रमुख तथा श्री आर. नरसिम्ह कुमार, क्षेत्र प्रमुख उपस्थित रहे।

दिनांक 21.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, बालेश्वर की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत बालेश्वर स्थित खिरचोरा मंदिर में रिफ्रिजरेटर लगाया गया। इस अवसर पर श्री हरे कृष्ण दास, अंचल प्रमुख, भुवनेश्वर तथा श्री आशुतोष पट्नायक, क्षेत्र प्रमुख उपस्थित रहे।

दिनांक 23.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, हासन की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत श्रवणबेलगोला मठ को आरओ वॉटर प्यूरिफाइर प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री राजेंद्र कुमार, अंचल प्रमुख, मंगलूरु और श्री अरुण कुलकर्णी, क्षेत्र प्रमुख उपस्थित रहे।

दिनांक 19.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, बेलगावी की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत श्री राजेंद्र कुमार, अंचल प्रमुख, मंगलूरु द्वारा महालक्ष्मी मंदिर, शाहपुर को ई-हुंडी प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री राघवेंद्र बीएस, क्षेत्र प्रमुख, मनीष मेघन्नावर, उप क्षेत्र प्रमुख सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

दिनांक 20.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, महबूबनगर की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत श्री कारे भास्कर राव, अंचल प्रमुख द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी को एम्ब्युलेन्स प्रदान की गई। साथ हैं साथ हैं श्री आर. सत्यनारायण, क्षेत्र प्रमुख तथा अन्य कार्यपालक गण।

दिनांक 27.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर की सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत पुरी में आयोजित श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पानी बोतल, टोपी एवं छाता वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री हरे कृष्ण दास, अंचल प्रमुख, श्री निरंजन बारिक, क्षेत्र प्रमुख तथा श्री जितेंद्र कुमार सामल और श्री विनय शर्मा, उप क्षेत्र प्रमुख उपस्थित रहे।

दिनांक 03.04.2025 क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई-ठाणे द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत जिला परिषद स्कूल, आनगांव में वॉटर प्यूरीफायर और कंप्यूटर दिया गया। इस अवसर पर सुश्री सी एस जननी, क्षेत्र प्रमुख, सुश्री आशा मोहिते, मुख्य प्रबंधक, श्री हेमंतकुमार इंगले, शाखा प्रमुख – आनगांव उपस्थित रहे।

दिनांक 04.04.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, गुंटूर द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत स्थानीय स्कूल में जल डिस्पेंसर और कंप्यूटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री एस जवाहर, क्षेत्र प्रमुख तथा श्री ए राजेश, उप क्षेत्र प्रमुख, गुंटूर उपस्थित रहे।

दिनांक 04.04.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, बेलगावी की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत आरती रौनियार, क्षेत्र प्रमुख द्वारा उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान अकादमी (केएएचईआर), बेलगावी को हाई-टेक एम्बुलेंस प्रदान की है। साथ हैं डॉ. प्रभाकर कोरे, कुलाधिपति, केएएचईआर, डॉ. नितिन गंगाने, कुलपति तथा डॉ. एमएस गनाचारी, रजिस्ट्रार, मनीष मेघन्नावर और ज्ञानेश कुमार, उप क्षेत्र प्रमुख।

दिनांक 10.04.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, मचिलीपट्नम के फाउंडर्स शाखा द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत निःशुल्क पेय जल केंद्र का उद्घाटन श्री के. वेंकट राव, क्षेत्र प्रमुख द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री के. यू.आर. एल. रेड्डी, उप क्षेत्र प्रमुख सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

दिनांक 22.04.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, सैफाबाद द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत सौ लड़कियों को सरवाईकल कैंसर टीकाकरण हेतु बसवतारकम कैंसर अस्पताल, हैदराबाद को सहायता राशि दी गई। इस अवसर पर डॉ. कुरापति के कृष्णय्या, सीईओ, बसावतारकम कैंसर अस्पताल, हैदराबाद को चेक देते हुए श्रीमति सोनालिका, क्षेत्र प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद-सैफाबाद।

दिनांक 05.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु (उत्तर) के आर.टी. नगर शाखा में सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत बापिस्ट अस्पताल, हेब्बाल को दो पहिया वाहन दिया गया। इस अवसर पर श्री जी रामप्रसाद, क्षेत्र प्रमुख सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

दिनांक 20.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे मेट्रो द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत पुणे पालखी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पेयजल, खाद्य सामाग्री, स्वास्थ्य सुविधा, छाया व्यवस्था और प्राथमिक सहायता शिविर की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर श्री मयंक भारद्वाज, क्षेत्र प्रमुख सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

दिनांक 19.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, ग्रेटर पुणे द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत आलंदी शहर से पंढ़रपुर तक जाने वाली संत ज्ञानेश्वर महाराज पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पेयजल तथा खाद्य सामाग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री अंकित महाजन, शाखा प्रमुख, आलंदी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

जिल्द 4 अंक 1&2 Vol.4 issue 1&2, 1979

बालक वर्षाभिनंदन

प्रिय बालको,
तुम्हारा हार्दिक अभिनंदन।
तुम्हारे जीवन को प्रभात
बहुत शुभ हो, तुम जुग जुग जीओ।
रोटी कपड़ा और मकान की चिंता तुम्हें
कभी भी न रहे।
महान मूल्यों की उपासना करने का
तुम्हें सदा अवसर मिले।
संस्कृति के बंधनों की मर्यादा एवं
उपयुक्तता तुम जान लो।
धरती का निःस्वार्थ,
सृष्टि का सौंदर्य,
सागर की गंभीरता
और आकाश की विशालता
तुम जीवन में अपना लो।
तुम्हारा जोवन नये युग का
एक अविस्मरणीय दिन हो।

श्री कृष्णकुमार देसाई
प्रेषण विभाग, केन्द्रीय कार्यालय

दोस्त और दोस्ती

मित्र व मित्रता के प्रारूप नहीं होते,
उसके कोई प्रकार नहीं हुआ करते,
यह तो हृदय का पवित्र संगम है,
प्रेम को पवित्रता का मंथन है.

मित्र, मित्र के लिए कुछ खो बैठता है.
सभी कुछ दे देने को विकल होता है.
मित्रता, त्याग की सुन्दरतम पृष्ठभूमि है,
इसमें लुट जाने में खुशी मिलती है.

वीराने में भी न मालूम क्यों याद आती है,
दोस्ती के निश्चल व निर्निमेष स्नेह की,
हृदय गा उठता है मस्तिष्क के वाद्य पर,
सच है, वही भाग्य है, जिसे मीत मिले.

अपरिचित मार्ग पर साथ है 'जसबीर'
स्वप्न में भी उभरती है मधुर तस्वीर,
सींच जाती हैं मन में एक अनूठी लकीर,
याद हो आता है तुम्हारा प्यार इस
फकीर को,

स्नेह का विश्लेषण नहीं होता इस मूक
जिह्वा से,
केवल आत्मा तक पहुंचती है शान्ति
तुम्हारी याद से.

जे.सी.एल. जोशो
क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल (म.प्र)

गज़ल

कल न मालूम कहां ले चले,
ये जिंदगी खींच के हमें।
आज बना ले जो बनाना है,
कल न मालूम बने न बने.
आज ले फिर हाथों में कलम,
लिख कोई सिसकता तड़पता हुआ राग,
कल न मालूम ये बे-दर्द दर्द भी,
अपना बने न बने।

आज ले स्याही ज़िदगी के,
जलते चिरागों को लकीरों से,
कल न मालूम ये ज़िदगी,
जलता दिया बने न बने,
कर ले सपनों को साकार, लेके,
दो घड़ी को फुर्सत जनाजे से,
कल न मालूम मौत को फुर्सत,
देने की फुर्सत मिले न मिले,

बांट दे करके टुकड़े दिल के,
आज अपने परायों में तू,
कल न मालूम ये दिल भी,
अपना बने न बने.

महेन्द्र पाल सिह 'आनंद'
शाखाः मन्सूरपुर (मुजफ्फरनगर)

AN ADVICE TO THE CREDIT

It is not uncommon that many of us are confronted with the problem of how to greet a colleague getting married more often than not, we are content with sending a greeting Telegram (eight or sixteen) from the list of standard phrases for Greeting & Telegram to the Post Office For a change here are ten banking ways of wishing happy married life to your colleague.

1. DEPOSIT your heart with her, FIXED for infinite maturity value.
2. Your love for her should be RECURRING day by day Then only you will feel the CUMULATIVE effect of it.
3. SHARE your views with her. It pays rich DIVIDENDS.
4. Take INTEREST in her INTEREST. It helps better understanding.
5. DRAFT all your programmes with her and do not SPEND all your time in the office.
6. ALWAYS try to keep cool and be BALANCED you will find DIFERENCE.
7. Don't ADVANCE too fast and land yourself in trouble beyond RECOVERY.
8. A give and take policy are a BONUS for your happiness.
9. Should there be a BRANCH expansion now?
   THINK THINK THINK!!!
10. SAVE the idea of expansion now and pave the way for a happier tomorrow!

T.S. Rachunathan
Tirunelveli Branch (Tamil Nadu)

Towards Smoother "Human Relations"

H	HAVE SELF CONFIDENCE
U	UNDERSTAND THE VIEW POINTS OF OTHERS
M	MAKE YOURSELF THE FRIEND OF ALL
A	ADMIT IT WHEN YOU ARE WRONG
N	NEVER MAKE A PROMISE YOU CANNOT KEEP
R	RESPECT AND COURTESY ARE IMPORTANT
E	EXPLAIN THOROUGHLY
L	LOOK, LISTEN AND LEARN
A	AVOID ARGUMENT
T	TRY TO BE APPROACHABLE AND SOCIABLE
I	INSIST ON SELFLESS SERVICE TO THE COMMUNITY
0	OTHERS FIRST: SELF LAST
N	NEVER CRITICISE IN PUBLIC
S	STRESS THE POSITIVE ALWAYS

Amod Kulshrestha
Shri Ganganagar Branch (Raj)

APOCALYPSE OF THE AUDIT WORLD

Hailing from the Section of Inspection,
Branches look upon us as an infliction
Are we to them an irritation.
Though be it for a short duration?

Our investigations, even
though all day
Should not affect you in any way
Granted you stick to the norm
Our pen will do just no harm

In error, be not terrified,
Promptly get them rectified.
Pursuing matters till the end
We're here to AID and befriend

During our short association
We always seek co-operation
Let there be no rift,
Inspection is for mutual benefit

Let us follow laid down Policies,
Thrashing out differences and fallacies
Auditors are not ogres, but human like you,
So kindly reconsider your view

E.A. Sadanand
Asst. Superintendent
Audit & Inspection Deptt.

Glimpse of Adventure

Shri M.R. Vijaya Raghavan of our Mysore Br., has been climbing the Himalayas for the past decade and has 04 Himalayan peaks to his credit. In 1980, he climbed a virgin peak with the Japanese, in Central Lahul Himalayas and in 1981, explored the inner 'Nandadevi Sanctuary' with the British. In 1982, he assisted the Himalayan Mountaineering Institute, as a Guest Instructor.

Adventure Club Bankers (affiliated to NAF, Meerut), has been the first at- tempt in South India at organising Bank employees in pursuit of adventure, and it has already gathered momentum, as is manifest in the establishment of similar clubs in Bangalore and Yelandur.

As Club Leader, Vijaya Raghavan gives us a spirited flashback of how they humbled the mighty 'Rangaswamy'.

Night pre-empted us. Yet we could clearly see the mighty 'Rangaswamy' Pillar, towering from the valley of the mountain slope over which we stood. A mild shiver ran through us, caused perhaps by the cold December breeze, or, the awe-inspiring sight of the 500 ft. rock-erect, that we were to encounter with the dawn.

Six of us (Adventure Club Bankers) had set out from Mysore on a 3-day expedition to negotiate the Pillar, situated in the green forests of the Blue Mountains. A safari-like bus journey through the wildlife sanctuaries of Bandipur and Madhu- malai, rejoicing at the sight of dancing peacocks and roaming deer was an unforgettable experience. A 7-kilometre trek from Kilkothagiri through the lush green tea-gardens and woods of Nilgiris, led us to camp site.

Prasad (guest member) and Prakash (Bank of India), at once, started improvising a shelter, while others flocked round Yeshawantha kumar (of our Domlur Br.) to cook our supper. I was pensive at the thought of leading four novice climbers up the gigantic rock-pillar, while the rest were in high spirits, singing and dancing over the campfire.

At sunrise, geared with ropes, pittons and carrabiners, we braved our way down the slope through the well-knit shrubs of the Nilgiris. A mongoose dived into the bushes while a bevy of birds took flight in protest at our intrusion. Soon, we arrived at the pillar-base. Well briefed on the basic techniques of rock- climbing and the use of belay rope, we roped-up together. A strict observance of safety techniques delayed us, yet we progressed steadily to a tiny table-land.

Prakash, a hefty chap, who had climbed remarkably, was reluctant to move further without quenching his thirst. Kumar, ever ready with a bag full of lemonade and biscuits, came to his help. Sheshidhar, more concerned about his camera rather than climbing, sprang into action, shooting anything he could espy.

We resumed climbing and traversed to the rear side of the pillar, one behind the other, cautiously, on a narrow path which led us to the base of the ultimate lap a 20 foot chimney. A wrong move at this stage would certainly roll us down to the virgin forests of Nilgiris-rocks permitting!!!

Prasad, securing himself to a rock-projection, belayed me while I inched up the yawning chimney. Kumar, the shortest of us, lagged behind, but managed. Then, a moderate climb saw us all atop the pillar.

We waved at the guides who stood watching us at the camp site, we waved at the rocks, trees, birds, and the sky, we waved at all our members who could not partake in the expedition. Enthralled by our success, Kumar threw his cap down the valley and exhausted the lemonade in a gulp.

Down we descended carefully to the foothills and climbed back to camp site, tired, yet delighted. The euphoria that swayed us atop the pillar, transported us to dizzy heights. We had lost our hearts to the Almighty 'Rangaswamy'.

THE LAWYER'S LANGUAGE

Suppose a man has to give another an apple, he would simply say "Have an apple". But when the transaction is entrusted to a lawyer, to make an offer in writing, he presents the transaction in this form:

"I hereby give and convey to you all and singular, my estate and interest, right, claim, title and advantages of and in said apple, together with all its juice, pulp & pips, rind and all rights and advantages therein, with full powers to eat or give the same away, with or without rind, pulp and pips, juice, anything hereinbefore and hereinafter or any other means of whatever nature or type or kind, whatsoever to the contrary in any wise notwithstanding."

Then another man will come to take away the apple.

Compiled by K.K. MADAN

Hissar Br., Haryana

WHEN THE HOBBYHORSE IS A CAMERA

The origins of photography date back to antiquity. A Chinese scholar claimed that he had found traces of china plates made sensitive to light by chemicals, 2000 years ago. The darkness of Silver Nitrate when exposed to light, was noted by Angelo Solo in 1614.

The Cornia Obscura (Dark Room) is rightly called the fore runner of our modern 5. L. R. Cameras. It was known to an Arabic scholar, Abram (a box with a mirror. at an angle of 45° and a hole in front). The mirror image of a landscape was projected on an oiled paper at the top and the artist traced the image on oiled papers.

A Frenchman called Josep N Neepee (1765-7833) was able to produce a plate, which could bear the latent image. The first Neepee photograph was made probably in 1826.

In 1829, Neepee joined Jacqus. U. Daguesra (1789-1851). Daguesra learnt all he could from Neepee. In 1833. Neepee died and in 1837, Daguesra produced his first photograph. In 1839, Daguesra photograph came into existence. In the same year, Fox Talbot produced the first paper negative, and photography as we know it today, came into existence.

According to me, Ansel Adams is the world's best pictorialist today? whom none of the national photographers can match. We Indians have not made headway due to non- availability of basic materials. Even so, we have produced a man like R.R. Bharadwaj (known as Guruji) whose work approximates to international standards.

The life of a good, properly processed photograph is 50 years, if sepia-toned, it could last for 75 to 100 years in case of monochrome photographs. A lot depends on storage and display conditions. Research is going on in the USA to increase the life of a colour photograph because it is much less than that of a black & white photograph.

It is extremely reprehensible that international photographers have often photographed incidents, macabre and horrifying, when they could have saved the victim, or, at least made an attempt to do so. But only the photographer can explain his conduct. He might argue that he himself could have been killed, if he had tried to save the victim. Each individual case should be decided on its own merits.

My interest in photography follows the 4-year Commercial Art Certificate Course, done through the Sir J.J. Institute of Applied Art Bombay. Moreover, photography is part and parcel of the advertising field, as also a universal medium of communication.

KERSI RABADI

BR. MGR., DR. AMBEDKAR RD., BANDRA



केंद्र समाचार

दिनांक 14.05.2025 को द ग्रेट इंडियन बीएफ़एसआई- 2025 के पांचवे एडिशन में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय साइबर एवं फ्रॉड अवेयरनेस के कैम्पेन #jamkarphenko को उत्कृष्ट कैम्पेन से सम्मानित किया गया।

मई, 2025 में अंतरराष्ट्रीय कारोबार सम्मेलन- 2025 द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को एचआर डिजिटलाइजेशन तथा लर्निंग & डेव्लपमेंट में उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

समाचार (उत्तर)

दिनांक 11.04.2025 को अंचल कार्यालय, पटना के परिसर का उद्घाटन सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा किया गया। साथ हैं श्री गुना नंद गामी, अंचल प्रमुख, श्री बैजनाथ सिंह, अंचल प्रमुख, रांची तथा श्री मुकेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख, पटना।

दिनांक 12.05.2025 को श्री अजय कुमार सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, केंका द्वारा अंचल कार्यालय, पटना का दौरा किया गया। इस अवसर पर श्री गुना नंद गामी, अंचल प्रमुख उपस्थित रहे।

दिनांक 21.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय,आगरा में श्रीमती अर्चना शुक्ला, अंचल प्रमुख, मेरठ की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री पार्थ सारथी मिश्रा, उप अंचल प्रमुख, मेरठ और श्री देवेन्द्र कुमार चौबे, क्षेत्र प्रमुख,आगरा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनांक 23.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, समस्तीपुर में श्री गुनानन्द गामी, अंचल प्रमुख, पटना की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री राजेश कुमार क्षेत्र प्रमुख। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

समाचार (पूर्व)

दिनांक 03.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, जोरहाट के अंतर्गत आइज़ोल में "कैंसर के उपचार को सुलभ एवं व्यापक रूप से उपलब्ध बनाने के लिए तथा देश भर में सूखती नदियों को संरक्षित और पुनर्जीवित करना" विषयों पर विचार विमर्श के लिए राज्यसभा की याचिका समिति द्वारा अध्ययन दौरा किया गया। इस अवसर पर श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक, श्री जी के सुधाकर राव, मुख्य महाप्रबंधक, कें.का., श्री लोकनाथ साहू, अंचल प्रमुख, कोलकाता, श्री भास्कर मंडल, क्षेत्र प्रमुख, जोरहाट द्वारा बैंक का प्रतिनिधित्व किया गया।

दिनांक 04.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर में श्री हरे कृष्ण दास, अंचल प्रमुख, भुवनेश्वर की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री निरंजन बारिक, क्षेत्र प्रमुख। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनांक 16.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, बालेश्वर में श्री हरे कृष्ण दास, अंचल प्रमुख, भुवनेश्वर की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री आशुतोष पट्नायक, क्षेत्र प्रमुख, बालेश्वर। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

समाचार (पश्चिम)

दिनांक 23.06.2025 को अंचल कार्यालय, गांधीनगर के दहगाम शाखा में श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में केवाईसी जागरूकता एवं वित्तीय समावेशन सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री अखिलेश कुमार, अंचल प्रमुख, गांधीनगर, श्री अश्विनी कुमार त्रिपाठी, क्षेत्र प्रमुख, गांधीनगर तथा श्री दिव्येश कालरा, क्षेत्र प्रमुख, अहमदाबाद।

दिनांक 24.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई (दक्षिण) द्वारा एचएनआई ग्राहक और निवेश जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री आशीष सोमैया, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, राइट ओक कैपिटल म्यूचुअल फंड, श्री बिरजा प्रसाद दास, अंचल कार्यालय, मुंबई, श्री सुमित श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक, लीप, श्री शलज कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय, मुंबई तथा श्री राहुल जुयाल, क्षेत्र प्रमुख, मुंबई दक्षिण उपस्थित रहे।

दिनांक 09.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, ग्रेटर पुणे में श्री पार्थ सारथी दाश, उप अंचल प्रमुख तथा श्री उपेंद्र कुमार पाल, क्षेत्र प्रमुख, ग्रेटर पुणे द्वारा शाखा प्रमुखों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनांक 04.04.2025 को सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा अंचल कार्यालय कोयम्बत्तूर का उद्घाटन किया गया। साथ हैं श्री राजकुमार एस.ए., अंचल प्रमुख सहित अन्य कार्यपालक-गण ।

दिनांक 21.04.2025 को सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा अंचल कार्यालय, तिरुपति का उद्घाटन किया गया। साथ हैं श्री पत्रि श्रीनिवास कुमार, अंचल प्रमुख तथा आई के सूर्यप्रकाश राव, उप अंचल प्रमुख तिरुपति ।

दिनांक 29.04.2025 को आयोजित एस.एल.बी.सी. की 231 वीं बैठक के दौरान श्री एन. चन्द्र बाबू नायुडु, मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश का स्वागत करते हुए सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और श्री सी.वी.एन. भास्कर राव, अंचल प्रमुख।

दिनांक 09 जून 2025 को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य निष्पादन हेतु श्री प्रमोद सावंत, मुख्यमंत्री, गोवा से प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए श्री आशीष मालवीया, क्षेत्र प्रमुख, गोवा

दिनांक 12.06.2025 को अंचल कार्यालय विजयवाडा के अंतर्गत माननीय सांसद डॉ एम. तंबिदुराई की अध्यक्षता में अमरावती और तिरुपति, आंध्र प्रदेश सरकारी आश्वासनों पर राज्यसभा समिति ने अध्ययन दौरा किया। इस अवसर पर श्री एस. रामसुब्रमणियन, कार्यपालक निदेशक, श्री सी वी एन भास्कर राव, अंचल प्रमुख, विजयवाडा द्वारा बैंक का प्रतिनिधित्व किया गया।

दिनांक 26.05.2025 को श्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का की उपस्थिति में श्री कारे भास्कर राव, अंचल प्रमुख, हैदराबाद ने तेलंगाना स्टेट नॉर्थन पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड (TGNPDCL) के कर्मचारी के विधिक उत्तराधिकारी को रु.1.00 करोड़ दुर्घटना मृत्यु बीमा चेक सौंपा तथा तेलंगाना राज्य के सभी कर्मचारियों का यूनियन बैंक कार्पोरेट वेतन खाता खोलने हेतु समझौता पत्र सौंपा। साथ हैं श्री सर्वेश रंजन, महाप्रबंधक, श्रीमती सी एस जननी, उप अंचल प्रमुख तथा श्रीमती अपर्णा रेड्डी, क्षेत्र प्रमुख, करीमनगर।

दिनांक 22.05.2025 को यूनियन बैंक द्वारा समर्थित स्त्रीनिधि डिजिटल रि पेमेंट एप के विमोचन के दौरान श्री. के श्रीनिवास, एम एस एम ई & सेर्प, एन आर आई एम्पवारमेंट और संबंध मंत्री, आंध्र प्रदेश के साथ और श्री सी.वी.एन. भास्कर राव, अंचल प्रमुख, विजयवाडा.

दिनांक 09.05.2025 को श्री बाल मुकुंद शर्मा, अपर मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया गया। उनका स्वागत करते हुए श्री एस. जवाहर, क्षेत्र प्रमुख, गुंटूर

दिनांक 28.05. 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, मदुरै में तमिल नाडु विशेष पुलिस बल 6 वी बटालियन के पुलिस कर्मियों के सुपर सैलरी खाते (राज्य सरकार वेतन पैकेज- SGSP) संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया ।

दिनांक 13.05.2025 को हैदराबाद में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्टार्ट-अप इंडिया और अन्य योजनाओं के तहत अ.जा.और अ.ज.जा. उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु श्री कारे भास्कर राव, अंचल प्रमुख, हैदराबाद तथा श्री रवि कुमार नर्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, डीआईसीसीआई ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया साथ हैं श्रीमती सी एस जननी, उप अंचल प्रमुख तथा अन्य।

दिनांक 21.05.2025 को श्री सीवीएन भास्कर राव, अंचल प्रमुख विजयवाडा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय गुंटूर में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनाकं 28.05.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, तिरुवनंतपुरम में श्री शक्तिवेल एस, अंचल प्रमुख, एर्णाकुलम की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री नरेश कुमार वाई, क्षेत्र प्रमुख, श्री दीपक चार्ली तथा श्री सोनी जेकब, उप क्षेत्र प्रमुख। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनांक 03.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, तृश्शूर में श्री शक्तिवेल एस., अंचल प्रमुख, एर्णाकुलम की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री सतीश कुमार एम. क्षेत्र प्रमुख, तृश्शूर। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनांक 10.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बेंगलुरु (उत्तर) में श्री कल्याण वर्मा, अंचल प्रमुख की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनांक 13.06.2025 को श्री कारे भास्कर राव, अंचल प्रमुख, हैदराबाद द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, खम्मम का दौरा किया गया। इस अवसर पर श्री कारे भास्कर राव, अंचल प्रमुख का स्वागत करते हुए श्री ए हन्मंत रेड्डी, क्षेत्र प्रमुख। साथ हैं श्री सर्वेश तेजावत तथा श्री एन सुधाकर राव, उप क्षेत्र प्रमुख।

दिनांक 17.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, श्रीकाकुलम में श्रीमती शलिनी मेनन, अंचल प्रमुख की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्री पैडि राजा, क्षेत्र प्रमुख, श्रीकाकुलम। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

दिनांक 18.06.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, कडपा में श्री पत्रि श्रीनिवास कुमार, अंचल प्रमुख की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ हैं श्रीमती ए. लक्ष्मी तुलसी, क्षेत्र प्रमुख, श्री शेक बाषा और श्री रंजीत कुमार एम. पी., उप क्षेत्र प्रमुख। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु शाखा प्रमुखों को सम्मानित किया गया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्टाफ और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महिला हॉकी टीम की कप्तान, सुश्री रुतुजा दादासो पिसाल को महिला हॉकी एशिया कप 2025 हेतु चुना गया है। यह क्षण उनके समर्पण, नेतृत्व और उत्कृष्टता की अथक प्रयास को दर्शाता है। यूनियन बैंक की टीम का नेतृत्व करने से लेकर राष्ट्रीय रंग पहनने तक की उनकी यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा है। हम एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं!

दिनांक 02.06.2025 से 15.06.2025 तक मुंबई में अंबरनाथ हॉकी वेल्फेयर असोशिएशन द्वारा आयोजित 14वां जो फर्नांडीस महिला हॉकी टूर्नामेंट- 2025 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 01.05.2025 से 11.05.2025 तक मुंबई में सुपर लीग 2025 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा फेयर प्ले ट्रॉफी खेला गया।

दिनांक 20.05.2025 से 01.06.2025 तक मुंबई में आयोजित 49वां सेंट पीटर्स एलीट महिला हॉकी टूर्नामेंट- 2025 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 07.04.2025 से 12.04.2025 तक बांद्रा जिमखाना, मुंबई में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट- 2025 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

दिनांक 07.04.2025 से 12.04.2025 तक मुंबई में अंबरनाथ हॉकी वेल्फेयर असोशिएशन द्वारा आयोजित 14वां जो फर्नांडीस मेन हॉकी टूर्नामेंट- 2025 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

आपकी पाती

"यूनियन धारा" के स्वर्ण जयंती वर्ष के इस अंक को पढ़कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। यह अंक न केवल बैंक की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का दर्पण है, बल्कि इसमें संकलित विविध लेख, कविताएँ और अनुभव हमें समाज और संस्थान के साथ गहराई से जोड़ते हैं। इस अंक की विशेषता यह है कि इसमें 'RISE' जैसी रणनीतिक थीम के माध्यम से संगठन की प्रगति और समर्पण को उजागर किया गया है, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों की सृजनात्मकता और लेखन-कौशल को भी सम्मानजनक मंच प्रदान किया गया है। "अतीत के झरोखों से" स्तंभ ने इस पत्रिका की विरासत को और भी मूल्यवान बना दिया है। विद्यालयी दृष्टि से देखें तो यह अंक हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है। इसमें निहित विचार, अनुशासन, समर्पण और नवाचार की भावना हमें यह सिखाती है कि संस्था की सफलता केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि उसके लोगों के विश्वास, मेहनत और रचनात्मक योगदान से सुनिश्चित होती है। मैं "यूनियन धारा" की सम्पादकीय टीम और सभी योगदानकर्ताओं को हार्दिक बधाई देती हूँ और यह विश्वास व्यक्त करती हूँ कि यह पत्रिका भविष्य में भी इसी प्रकार ज्ञान, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती रहेगी।

महालक्ष्मी पाण्डेय
प्राचार्य, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न.1, रीवा

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय से प्रकाशित की जानेवाली द्विभाषी गृह पत्रिका "यूनियन धारा" का जनवरी - मार्च 2025 अंक हमें प्राप्त हुआ है। पत्रिका अत्यंत ही मनमोहक एवं प्यारी है। इसकी साज- सज्जा और कलेवर बेहतरीन है। पत्रिका में छपे सभी लेख एक से बढ़कर एक हैं। पत्रिका में प्रकाशित लेख 'एनआरआई बैंकिंग' अत्यंत ही ज्ञानवर्धक लगा। बैंकिंग कारोबार से जुड़े समस्त कर्मियों हेतु यह अंक वाकई पठनीय होने के साथ-साथ अनुकरणीय भी है। श्रीमती रीटा डिसूजा का साक्षात्कार हमें कठिन परिस्थितियों में शांत रहकर और ध्यान केंद्रित कर अपने लक्ष्य हासिल करने हेतु अत्यंत प्रेरक है। यज्ञमूर्ति द्वारका नाथ जी का लेख 'The Magnificent Fort of Chitra Durga' पढ़कर मन रोमांचित हो उठा। लेख पढ़कर अनायास ही चित्रदुर्ग देखने की इच्छा मन में जाग्रत हुई है। कुल मिलाकर पत्रिका अत्यंत मनोरम, शिक्षाप्रद एवं पठनीय है। पत्रिका के समस्त संपादक मंडल को साधुवाद। आगामी अकं की प्रतीक्षा में...

गणेश प्रताप गुजर
केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, बेलगावी

हमें यूनियन बैंक द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिका यूनियन धारा की स्वर्णिम वर्ष अंक की सॉफ्ट प्रति प्राप्त हुई है, धन्यवाद। पत्रिका में शामिल सभी आलेख ज्ञानवर्धक एवं लाभदायक हैं। पत्रिका की साजो-सज्जा बहुत ही आकर्षक है। पत्रिका के प्रत्येक आयाम बेहद रोचक एवं प्रभावशाली हैं। पत्रिका में शामिल एनआरआई बैंकिंग एवं वैश्विक कर अनुपालन और पारदर्शिता हमारे लिए उपयोगी एवं पठनीय है। पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु संपादक मंडल के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुकामनाएं।

संजय कुमार
उप अंचल प्रबंधक, इंडियन बैंक

'यूनियन धारा' पत्रिका के इस अंक में विभिन्न विषयों पर सामयिक लेखों को समाहित किया गया है। पत्रिका के इस अंक में 'जीवनदायिनी नर्मदा नदी', 'यात्राएं क्यों महत्वपूर्ण हैं?' तथा 'एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व - रीटा डिसूजा' अत्यंत रोचक लेखों में से एक हैं, वहीं 'मेरा मोबाइल' और 'बैंक- एक अनमोल धरोहर' कविताओं ने इस पत्रिका की मूल्यता में असाधारण भूमिका जोड़ी हैं। 'यूनियन धारा' पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित सृजनात्मक लेखों हेतु रचनाकारों को अनंत शुभकामनाएँ एवं सम्पादक मण्डल को हार्दिक बधाई। आगामी अंकों हेतु अशेष शुभकामनाएँ,

हेमलता
मुख्य प्रबंधक , यूको बैंक

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, मैसूरु का निरीक्षण - दि. 30.05.2025

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप- समिति के कर कमलों से सफल निरीक्षण का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए श्री कल्याण वर्मा, अंचल प्रमुख, बेंगलूरु साथ हैं श्री गिरीश चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक (मासं एवं राभा), श्री विवेकानंद, सहायक महाप्रबंधक (राभा) श्री जॉन ए अब्राहम, मुख्य प्रबंधक (राभा), श्रीमती कौस्तुभा वी.एस, प्रबंधक (राभा), श्रीमती पूर्णिमा एस, व.प्र. (राभा) तथा श्री धर्मबीर, उप निदेशक, (राभा), वित्तीय सेवाएं विभाग

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु (दक्षिण) का निरीक्षण - दि. 30.05.2025

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप- समिति के कर कमलों से सफल निरीक्षण का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए श्री असीम कुमार पाल, क्षेत्र प्रमुख, बेंगलूरु (दक्षिण) साथ हैं श्री कल्याण वर्मा, अंचल प्रमुख, बेंगलूरु, श्री गिरीश चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक (मासं एवं राभा), श्री विवेकानंद, सहायक महाप्रबंधक (राभा) श्री जॉन ए अब्राहम, मुख्य प्रबंधक (राभा), श्रीमती कौस्तुभा वी.एस, प्रबंधक (राभा), श्रीमती पूर्णिमा एस, व.प्र.(राभा) तथा श्री धर्मबीर, उप निदेशक, (राभा), वित्तीय सेवाएं विभाग

Printed and Published by Gayathri Ravi Kiran on behalf of Union Bank of India, Printed at M/s. Printrade Issues (INDIA) Pvt. Ltd., Plot No. EL-179, TTC Industrial Area, Electronic Zone, Mahape, Dist. Thane - 400 710, Maharashtra and Published from Union Bank of India, Union Bank Bhawan, 239, Vidhan Bhawan Marg, Nariman Point, Mumbai - 400 021. Editor - Gayathri Ravi Kiran.

कप्पिल बीच, वर्कला केरल
अंकित,
यू.एल.ए., गुरुग्राम

Union Dhara, R.N.27989/76